

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 12 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण प्रतिपद मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 278 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसलें

अमिर खान ने गर्लफ्रेंड गौरी के बारे में की बात,कहा- ◂◂ 6


बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था

# रिम्स: इलाज के अभाव में नवजात की मौत

## 4 दिन के नवजात बिरहोर को 40 मिनट तक नहीं मिला बेड, जमशेदपुर से किया गया था रेफर




**संवाददाता**

**रांची:** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल की स्थिति दयनीय है और हालत दिन-ब-दिन सुधरने की बजाय बिगड़ते ही जा रही है। इमजेंसी के लिए पहुंचे मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसकी वजह से कई मरीजों की जान खतरे पर पड़ जाती है तो कई की मौत हो जाती है।

बुधवार को भी रिम्स में एक घटना ऐसी हुई जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये। दोपहर करीब डेढ़ बजे 4 दिन का एक बिरहोर बच्चा बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर से रिम्स रेफर किया गया। बच्चा जम्म के समय से रोया नहीं था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। सेंट्रल इमरजेंसी में लाने के बाद कर्मियों ने बताया कि पीडियाट्रिक वार्ड जाकर पूछिए कि बेड खाली है या नहीं। उसके बाद वहीं एडमिट किया जाएगा। परिजन बेड का पता कर लौटे और बच्चे को एंबुलेंस से पीडियाट्रिक वार्ड ले गए। डॉक्टरों ने बच्चे की जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि चार दिन पहले भी रीता सोबोर नाम की महिला ने एमजीएम जमशेदपुर में बच्चे को जन्म दिया था। नॉर्मल डीलीवरी थी, लेकिन बच्चे को सांस लेने में परेशानी थी। महज एक मामला है, लेकिन ऐसे दर्जनों मरीज हर दिन सिर्फ अस्पताल में भर्ती होने के लिए घंटों एंबुलेंस पर ही किसी तरह जिंदगी से जंग लड़ते हैं। इसमें कई जंग जीत जाते हैं लेकिन कई जिंदगी की जंग हार भी जाते हैं।

## 25 लाख फिरौती नहीं मिलने पर पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**बोकारो:** जिले से 19 वर्षीय एक युवक की पत्थर से कूच कर हत्या का मामला सामने आया है। 10 जून को युवक का अपहरण किया गया था। अपहरण के बाद 25 लाख रुपये फिरौती की मांग की गयी। फिरौती की राशि नहीं मिलने पर युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। मृतक युवक की पहचान देवाशीष कुमार के रूप में हुई है।

**वीडियो भेज कर की थी फिरौती की मांग:** जिले के माराफारी थाना क्षेत्र के गेमन कॉलोनी से पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। 10 जून को युवक का अपहरण हुआ था। अपहरण कर्ताओं ने देवाशीष के मामा के बेटे को वीडियो भेज कर 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। अपहरण कर्ताओं ने रंगदारी का वीडियो देवाशीष के नंबर से ही भेजा था। वीडियो में देवाशीष रस्सी से बंधा दिख रहा था। अपहरण कर्ताओं ने फिरौती की राशि नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। युवक को धनबाद में रखने की बात कही गयी थी।

**दोस्तों ने फोन कर युवक को बुलाया था घर से बाहर:** जानकारी के अनुसार 10 जून की दोपहर करीब 2:30 बजे देवाशीष के दोस्तों ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया था। इसके थोड़ी देर बाद ही युवक का फोन स्विच ऑफ हो गया था। 11 जून को युवक की मां ने बीएस सिटी थाने में मामला दर्ज कराया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर देर रात मृतक देवाशीष का शव माराफारी थाना क्षेत्र के गैमन कॉलोनी स्थित एक घर से बरामद किया गया। मृतक के मामा ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

## रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर भीड़ का हमला, एसआईटी का गठन



**ढाका :** बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर एक भीड़ ने हमला करके उसे नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद पुरातत्व विभाग ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है जिसे पांच कार्यदिवसों में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, आठ जून को एक विजिटर अपने परिवार के साथ सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। इसे रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय के नाम से भी जाना जाता है।

विजिटर की प्रवेश द्वार पर मोटरसाइकिल पार्किंग शुल्क को लेकर एक कर्मचारी के साथ बहस हो गई थी। बाद में विजिटर को कथित तौर पर एक कार्यालय में बंद कर दिया गया था और उस पर हमला किया गया था। इस घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया था।

इसके बाद भीड़ ने कचहरीबाड़ी के ऑडिटोरियम पर हमला किया और संस्थान के एक निदेशक की पिटाई कर दी। गौरतलब है कि इस घर में रहते हुए रवींद्रनाथ टैगोर ने कई साहित्यिक रचनाएं की थीं।

## एयर इंडिया का विमान हुआ क्रैश

**अहमदाबाद :** जिले के मेघानीनगर इलाके में आज एक विमान क्रैश हो गया। इसमे 242 यात्री सवार थे। यह इलाका एयरपोर्ट के पास है। स्थानीय लोगों के मुताबिक तेज आवाज के साथ विमान गिरा, जिसके बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी में यह एयर इंडिया का विमान बताया जा रहा है, लेकिन अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। हादसे के बाद पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन ने लोगों से इलाके में न जाने की अपील की है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## रामगढ़ में सीबीआई की रेड, सीसीएल में मचा हड़कंप, कई दस्तावेज जब्त

**संवाददाता**

**रामगढ़:** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीबीआई की टीम ने रामगढ़ जिले के गिद्दी ए कोलियरी परियोजना कार्यालय के लोकल सेल में छापेमारी की है। सीबीआई की टीम के पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम एक सुरक्षा अधिकारी, एक कर्मचारी और दो अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

शुरूआती जांच में कोयला बिक्री में अनियमितता और अवैध लेन-देन की आशंका जताई जा रही है। सीबीआई की टीम ने आरोपियों के आवासों पर भी दबिश दी, जहां से दो बड़े बैग जब्त किए गए हैं। इन बैगों में महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें और डिजिटल उपकरण मिले हैं, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

## दिल्ली से लेकर राजस्थान तक भीषण गर्मी का कहर, उत्तर भारत में रेड अलर्ट




**नई दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में इस समय भीषण गर्मी का कहर जारी है। दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के राज्यों में प्रचंड गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो सामान्य से काफी अधिक है। दिल्ली में भी गर्मी का प्रकोप कम नहीं है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन हीटवेव के चलते महसूस तापमान 50 डिग्री तक पहुंच गया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राजधानी में रेड अलर्ट जारी किया है। आज दिल्ली में तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 13 जून की रात से पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके असर से दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इसके बाद, 14 से 17 जून के बीच तापमान में गिरावट होगी और पारा 37 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। हीटवेव का असर कम होने पर रेड अलर्ट को ऑरेंज अलर्ट में बदला जा सकता है।

इन राज्यों में अगले 3-4 दिन लू का असरः आईएमडी के मुताबिक, अगले 3-4 दिनों तक हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, पंजाब और उत्तर प्रदेश में लू का प्रकोप जारी रहेगा। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में रेड अलर्ट लागू रहेगा। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि, 15 जून से झमाझम बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है। दक्षिण भारत में भारी बारिश का अलर्टः दक्षिण भारत के राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। कर्नाटक में आईएमडी ने 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। तटीय और आंतरिक कर्नाटक में मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। तमिलनाडु के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में भी बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

## रांची में 16 कोरोना पॉजिटिव, सीएम ने की सतर्कता बरतने और मास्क लगाने की अपील

**संवाददाता**





**रांची:** कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए रांची का सदर अस्पताल और रिम्स पूरी तरह से तैयार है। रिम्स के क्रिटिकल केयर विंग के 2 फ्लोर में कोरोना संक्रमितों के लिए 10-10 बेड अलग से रिजर्व रखें गये है। इसके अलावा आइसोलेशन वार्ड (डेंगू वार्ड के नाम से प्रचलित) में भी एक अलग विंग बनाया गया है। वहीं, सदर अस्पताल में 20 बेड आरक्षित रखे गये हैं। अस्पतालों में दवाओं का स्टॉक भी बढ़ा दिया गया है।

रिम्स में 3 संक्रमितों का चल रहा इलाजः फिलहाल रिम्स में कोरोना के 3 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इसमें एक रांची, दूसरा सिमडेगा और एक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का निवासी है। सभी संक्रमितों की उम्र 40 वर्ष से अधिक है। लालपुर के संक्रमित 55 वर्ष, सिमडेगा के 65 वर्ष और गोरखपुर के संक्रमित की उम्र 43 वर्ष की है। दो संक्रमितों को आइसोलेशन वार्ड में और एक को क्रिटिकल केयर के स्पेशल विंग में रखा गया है। इधर रिम्स के ओपीडी में परामर्श लेने आये मरीजों में कोरोना से मिलते-जुलते लक्षण दिखते ही उसे संदिग्ध मानते हुए स्क्रीनिंग कराने का निर्देश दिया गया है।

सीएम ने की सतर्कता बरतने की अपीलः इधर राज्य में बढ़ रहे मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनहित में एक संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में लापरवाही नहीं, बल्कि सजगता जरूरी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयाग करें, हाथों की सफाई का ध्यान रखें और जरूरत पड़ने पर जांच अवश्य करायें।

## पुरी के जगन्नाथपुर मंदिर में पुजारी की हत्या

### वारदात सीसीटीवी में हुआ कैद



**पुरी:** ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के एक पुजारी की हत्या कर दी गई। जिस पुजारी की हत्या हुई उसका नाम जगन्नाथ दीक्षित बताया जा रहा है। जगन्नाथ दीक्षित पुरी के मंदिर में सेवक के तौर पर काम करता था। बताया जा रहा है कि हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। वीडियो में दिख रहा है कि एक शख्स पुजारी की हत्या कर खून से लथपथ उनके शव को पटजोशी के घर के ठीक सामने फेंक रहा है। इस इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था रहती है उसके बावजूद भी हत्या की इस घटना से सनसनी और दहशत फैल गई है।

स्थानीय लोगों ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज में दीक्षित के शव को फेंकता हुआ दिखाई देने वाला व्यक्ति पटजोशी है। उसने मंदिर के सेवक की हत्या इसलिए कर दी क्योंकि उसने उससे अपने पैसे वापस मांगे थे। दिनदहाड़े पुलिस बल की तैनाती के बीच वरिष्ठ सेवक की हत्या ने सभी को स्तब्ध और आश्चर्यचकित कर दिया है।

सूचना मिलने पर पुरी सिटी डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) प्रशांत कुमार साहू टाउन पुलिस स्टेशन आईआईसी के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एक वैज्ञानिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच के लिए नमूने एकत्र किए। जबकि दीक्षित के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) भेज दिया गया। अपराध पर प्रतिक्रिया देते हुए पुरी एसपी विनीत अग्रवाल ने कहा कि हत्या व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुई है। सीसीटीवी फुटेज को एकत्र कर जांच प्रक्रिया में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना का असली कारण जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

ईडी की बड़ी कार्रवाई

## जयपुर, जोधपुर सहित 4 शहरों में छापेमारी




**नई दिल्ली :** राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के करीब 24 जगहों पर गुरुवार को सुबह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें छापेमारी कर रही हैं। जांच एजेंसी के सूत्र के मुताबिक ये करीब 2700 करोड़ रुपए का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। राजस्थान के सीकर, जयपुर, जोधपुर, झुंझुनूं सहित गुजरात के अहमदाबाद और दिल्ली में कार्रवाई हो रही है। जानकारी के अनुसार ये रेड नेक्सा एवरग्रीन नाम के प्रोजेक्ट में हुई धोखाधड़ी की जांच को लेकर है।

प्रोजेक्ट में पैसे लगाने वालों को कंपनी की ओर से एक समय के बाद फ्लैट, जमीन या ज्यादा रेट पर पैसे वापस लौटने का भरोसा दिया जाता था। इस केस में राजस्थान पुलिस ने भी कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की जा रही है।

नेक्सा एवरग्रीन कंपनी का रजिस्ट्रेशन अहमदाबाद में 17 अप्रैल 2021 में हुआ। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज अहमदाबाद के रिकॉर्ड से पता चलता है कि यह कंपनी रियल एस्टेट एक्टिविटी के लिए रजिस्टर्ड कराई गई थी। जिसके मालिक सीकर के पनलावा निवासी सुभाष बिजारणियां व रणवीर बिजारणियां हैं। गुजरात में धोलेरा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर लोगों से इंवेस्ट के नाम पर रुपए लेने लगा था । कंपनी में बनवारी महरिया, उपेंद्र बिजारणियां, लक्ष्मी सलीम खां, समीर, दातार सिंह, रक्षपाल, ओमपाल व सांवरमल के नाम भी सामने आए हैं।

## जादूगोड़ा के 50 युवक-युवतियों के साथ चेन्नई प्लांट में मारपीट-दुर्व्यवहार, बिना वेतन नौकरी से निकाला

**पूर्वी सिंहभूम:** दो महीने पहले एक्सेल इंडिया ने पूर्वी सिंहभूम के जादूगोड़ा क्षेत्र के 50 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए चेन्नई प्लांट भेजा था। वहां इनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया। पहले 12 से 16 घंटे तक बंधुआ मजदूरों की तरह काम कराया गया। इस दौरान कई युवाओं के हाथ जल गए। बीमार होने पर भी जबरन काम कराया गया। काम करने से मना करने पर 35 युवाओं को बिना वेतन दिए जबरन इस्तीफा लिखवाकर निकाल दिया गया। युवाओं ने जब विरोध किया तो प्रबंधन ने कहा कि उन्हे मुखिया ने भेजा है। मुखिया को इसका कमीशन मिल चुका है। अब कोई प्रशिक्षण नहीं मिलेगा। पीड़ित युवाओं ने अपनी पीड़ा मुसाबनी प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम को बताई। प्रमुख ने तुरंत राखा स्थित एक्सेल इंडिया ड के पदाधिकारी से बात कर अपना विरोध जताया। कहा कि युवाओं को ठगना और प्रताड़ित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रखंड प्रमुख ने कंपनी के एचआर हेड विपिन कुमार को चेतावनी दी कि मजदूरों का बकाया वेतन जल्द दिया जाए।

### झामुमो का केंद्र पर तीखा हमला, कहा-

# मोदी सरकार के 11 वर्षों ने झारखंड की पीड़ा बढ़ाई

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बुधवार को केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 साल पूरे होने पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के इन 11 वर्षों ने झारखंड के आम लोगों की समस्याओं को कम करने के बजाय और अधिक गहरा कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि यह एक दशक नहीं, बल्कि संघर्षों और अनुत्तरित सवालों की श्रृंखला रही है।

**झारखंड में उपलब्धियों के प्रचार को बताया दिखावाः** झामुमो ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन की तथाकथित उपलब्धियों को प्रचारित करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को झारखंड भेजा, लेकिन यहां जमीनी सच्चाई किसी भी जश्न की गवाही नहीं देती। डॉ. खत्री ने कहा कि भाजपा की उपलब्धियों का प्रचार एक दिखावा है, जबकि राज्य के लोग आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

**सरना धर्म कोड को लेकर केंद्र की चुप्पी पर सवालः** झामुमो ने जोर देकर कहा कि झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से 'सरना धर्म कोड' को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से आज तक कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हुई। खत्री ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि आदिवासी समुदायों की अस्मिता और सम्मान के प्रति जानबूझकर किया गया अनादर है।

**मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर पीएम को घेराः** डॉ. खत्री ने मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा और विशेष रूप से महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र कर कहा कि इन घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी न केवल प्रशासनिक विफलता बल्कि नैतिक दिवालियापन को भी उजागर करती है।



**हसदेव जंगलों में पेड़ों की कटाई से आदिवासी हितों की अनदेखीः** उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई की अनुमति देकर सरकार ने पर्यावरण और आदिवासी अधिकारों के प्रति अपनी असल सोच उजागर कर दी है। एक तरफ यह सरकार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन की बात करती है और दूसरी ओर देश के ग्रीन लंग्स को काट रही है। जंगल और जमीन आदिवासियों का जीवन है, जिसे यह सरकार समझने में विफल रही है।

**परीक्षा घोटालों और नोटबंदी युवा सपनों के साथ विश्वासघातः**झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि नीट व एससीसी जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक अब आम हो गया है। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ किया गया विश्वासघात है। नोटबंदी को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस फैसले ने छोटे व्यापारियों, मजदूरों और आम लोगों को बर्बाद कर दिया। 100 से ज्यादा लोगों की जान गई, नौकरियां खत्म हो गईं और अंत में वही पुरानी मुद्रा वापस आ गई। फिर भी सरकार इसे उपलब्धि बताती है।

**कृषि कानून और महिला आरक्षण पर भी उठाए सवालः** केंद्र सरकार द्वारा बिना संवाद के लागू किए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर भी झामुमो ने तीखा हमला बोला। खत्री ने कहा कि इन कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक किसान आंदोलन हुआ, जिसमें 700 से अधिक किसानों की मौत हुई। अंततः सरकार को उन्हें वापस लेना पड़ा, यह जनता के विश्वास के साथ धोखा था। महिला आरक्षण बिल को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनावी रणनीति के तहत बड़ा एलान किया, लेकिन लागू करने को 2029 के बाद तक टाल दिया जो यह साबित करता है कि यह सिर्फ दिखावा था।

**महंगाई और संस्थागत दुरुपयोग पर भी जताई नाराजगीः** डॉ. खत्री ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। दाल, सब्जी और दूध जैसी जरूरी चीजें आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं, जबकि सरकार तेज आर्थिक विकास की बात करती है। साथ ही उन्होंने सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया, जिन्हें विपक्ष को परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

**संविधान की आत्मा को कुचला गयाः** झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि संसद अब संवाद और सहमति के बजाय निदेशों पर चलती है। संविधान की आत्मा संवाद और समावेशिता को बार-बार कुचला गया है। उन्होंने कहा कि देश अब एक चौराहे पर खड़ा है, जहां उसे तय करना है कि वह खोखले प्रचार में उलझा रहेगा या सच्चाई का सामना कर आगे बढ़ेगा।

**नारे नहीं, न्याय चाहिए :** खत्री ने अंत में कहा कि झारखंड अब नारे नहीं, न्याय मांग रहा है। जल, जंगल, जमीन और पहचान की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है और झारखंड की जनता अब अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है।

## देवेन्द्र ने राहे में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य को लेकर राज्यपाल से की मुलाकात



**संवाददाता**

**मुरीः** सिल्ली विधान सभा का मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने में जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो सिल्ली विधान सभा सभा क्षेत्र में सरकारी महाविद्यालय के कमी दूर करने हेतु झारखंड राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात किए और राहे में अतिशीघ्र सरकारी महाविद्यालय निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू करने का किया मांग। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष और झारखंड गठन हुए 25 साल बाद भी 21 वीं सदी वैज्ञानिक युग में सिल्ली विधान क्षेत्र में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। जिससे सिल्ली विधान सभा क्षेत्र से लाखों छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहें हैं। विधान सभा चुनाव से पूर्व सरकारी डिग्री कॉलेज बनने का सरकार द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। सिल्ली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखण्ड/ अंचल राहे , मौजा - खटंगा में कुल 5 एकड़ जमीन डिग्री कॉलेज की स्थापना हेतु निःशुल्क भूमि हस्तांतरित भी की जा चुकी है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं की गई है। जिससे क्षेत्र के छात्रों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बहुत परेशानी हो रही है।कालेज की अवश्यकता को देखते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने तत्काल अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया।

## उपायुक्त ने आश्रय गृह व कालेज में निर्माणाधीन पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**संवाददाता**

**चतराः** उपायुक्त कीर्तिश्री ने बालिका आश्रय गृह, उँटा के निरीक्षण के दौरान बालिका आश्रय गृह में आवासित बच्चियों से मिल कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, रहन-सहन एवं शिक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। आवासित 8 दिव्यांग बच्चियों के मानसिक, बौद्धिक विकास हेतु सभी बच्चियों को रिनपास रांची के समीप आश्रय गृह में आवासित कराने पर भी चर्चा की गई। चतरा जिला में कोई भी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं होने के कारण बालिकाओं का सिर्फ भरण-पोषण ही हो पा रहा है जबकि इनके मानसिक स्वास्थ्य के विकास पर भी ध्यान दिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्राइवेट भवन में संचालित बालिका आश्रय गृह को सरकारी भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया।बालक गृह, चतरा के निरीक्षण के दौरान बालक गृह में रह रहे सभी बच्चों से विशेष मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, शिक्षा एवं बच्चों की दैनिक कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। बालक गृह के अधीक्षक के द्वारा बच्चों के दैनिक कार्यों से संबंधित समय-सारणी का जानकारी दी गई। वहीं बीते 10 जून को मानव तस्कर गिरोह के द्वारा रोजगार दिलाने के नाम पर 30 लोगों को अन्य राज्यों में पलायन करवाया जा रहा था, जिसमें कुल 12 नाबालिग बच्चे भी शामिल थे। जिन्हें बाल संरक्षण के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू कर बालक गृह, नगवां चतरा में आश्रय दिया गया है। उन बच्चों से मुलाकात कर मामले की जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त ने चतरा कॉलेज चतरा में बन रहे पुस्तकालय के निरीक्षण के क्रम में निर्देशित किया कि पुस्तकालय निर्माण कार्य में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाए तथा अन्य कई निर्देश भी दिये।इस मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल पदाधिकारी सह जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## फांसी तालाब के पास मकान में मिला महिला का शव, सिक्युरिटी गॉर्ड थी मृतिका



**चतराः** शहर के ब्लॉक रोड़ में फांसी तालाब के पास एक मकान से पुलिस ने एक महिला का शव संदिग्ध हालत में बरामद किया है। महिला की पहचान हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रेबर गांव निवासी एडवर्ड लकड़ा की पत्नी तेरेसा मिंज के रूप में हुई है। मृतक महिला चाइल्ड हेल्प लाइन चतरा में सिक्युरिटी गॉर्ड का काम करती थी और फांसी तालाब के बगल में किराए के मकान में रहती थी। मृतक के पति एडवर्ड लकड़ा ने बताया कि उनकी पत्नी से रात नौ बजे मोबाइल पर बात हुई थी। उसने बताया कि वह अब सोने जा रही है। सुबह जब देर तक उसका दरवाजा नहीं खुला है तो आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा को किसी तरह खोलकर कमरे में प्रवेश किया तो पाया कि महिला का शव उसके बेड पर पड़ा है। पुलिस शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर दूसरी ओर मृतिका के पति ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी हृदय रोगी थी और पिछले कुछ माह से बीमार भी चल रही थी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## मोदी सरकार के 11 साल, विकसित भारत का अमृत काल : वीडी राम



**चतराः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11वर्षों का यह कालखंड सेवा, सुरक्षा, सुशासन और जनकल्याण का मिसाल है। इस कालखंड में गरीबों को सशक्त करने, कृषि को मजबूती देने, नारी उत्थान तथा राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यह बात पलामू सांसद बीडी राम ने बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के शासनकाल में देश काफी मजबूत हुआ है। पीएम ने गरीबों की सेवा की और वंचितों को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पूरे देश में 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। झारखंड में इसकी संख्या दो करोड़ 60 लाख है। उन्होंने कहा कि पहले झारखंड के लोगों की मृत्यु भूख से हो जाती थी। लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब गरीबों का अनाज मुफ्त में मिल रहा है। सांसद ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ आवास बनाए गए। ग्रामिणों को नल से जल मिल रहा है। उन्होंने कहा किसानों का कल्याण सुनिश्चित किया गया। यही कारण है कि किसान घर बैठे अपनी उपज अच्छी दामों में बेच रहे हैं। उन्होंने

कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाया गया। नारी शक्ति वंदना अधिनियम के तहत महिलाओं को संसद और विधान सभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। महिलाओं के लिए कई कार्य किए गए। उन्होंने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया गया। स्वास्थ्य सेवा को भी सुदृढ़ किया गया है। स्टार्टअप के जरिए 17.60 लाख को रोजगार उत्पन्न काया गया। उन्होंने कहा कि 119 स्टार्टअप यूनीकॉन के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना। ओपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एलओसी पार 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर सैन्य आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भारत एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बना है। देश की इंफ्रास्ट्रक्चर प्रगति पर है। इस मौके पर सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, सागर आर्य, कालीचरण यादव आदि मौजूद थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान किसान उपयोगीः डॉ डीवी. सिंह



**चतराः** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र,चतरा द्वारा चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के 14वें दिन चतरा प्रखण्ड के लरकुआ, संघरी एवं पाराडीह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लरकुआ गॉव में मुख्य अतिथि के रूप में अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीवी.सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को शुरूवात करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ रंजय कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विगत 13 दिन से लगातार चलाया जा रहा है एवं बहुत अधिक संख्या में किसान इससे लाभांवित हो रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी.वी.सिंह ने किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को संबांधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा 16 तरह के कृषि योजना चलाई जा रही है जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना, निधि कृषि यंत्रीकरण पर उपण्मिशन राष्ट्रीय खाद्य तेल बीज मिशन सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना राष्ट्रीय तिलहन एवं आयल पाम मिशन किसान क्रेडिट कार्ड राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन आदि योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। किसान भाई अपने पात्रता के अनुरूप योजना का लाभ ले सकते है। डॉ. सिंह ने किसानों को बताया कि कृशि विज्ञान केन्द्र, चतरा से जुड़कर किसान कृशि के नई तकनिकों की जानकारी ले सकते हैं। कार्यक्रम में जैव पौधोगिक रांची के वैज्ञानिक डॉ सुधीर कुमार एवं डॉ. विपलो सरकार ने भी अपने संस्था द्वारा विकसित तकनिकों की जानकारी किसानों को दी।



## तीन दिवसीय ताइक्वांडो समर कैंप का हुआ समापन

**चतराः** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ताइक्वांडो समर कैंप का समापन बुधवार की देर शाम को किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यालय डीएसपी अमिता लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि इंदुमती टीबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहें।संघ के खिलाड़ियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि को स्वागत किया गया।इसके बाद खिलाड़ियों द्वारा डेमो प्रस्तुति दी गई जिसमें एक से बढ़कर एक कर्तव्य एवं थ्रो टेक्नीक सेल्फ डिफेंस और फाइट करके दिखाया गया जिसके उपरांत मुख्य अतिथि डी एस पी अमिता लकड़ा ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए इनके कौशल एवं जज्बा की तारीफ की एवं निडर होकर विषम परिस्थिति में अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिला राज्य एवं देश का नाम रौशन करने की बात कहीं।

क्रीड़ा भारती का रहा विशेष योगदानः क्रीड़ा भारती चतरा जिला इकाई के अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने सभी प्रशिक्षक एवं अतिथियों के लिए स्मृति चिन्ह में मोमेंटो से सम्मानित किया। क्रीड़ा भारती के जिला सचिव सूरज कुमार ने बताया कि क्रीड़ा भारती पूरे देश भर में खेल को बढ़ावा देने एवं वैसे सभी खिलाड़ियों के लिए अपना मंच साझा करती हैं जिन्हे खेल के माध्यम से अपना करियर बनाना होता है। उन्हें हर संबंध मदद करने के लिए तत्पर है बताते चलें कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य खेलों के माध्यम से 'स्वस्थ्य भारत समर्थ भारत' का निर्माण हो यह ध्यान में रखकर की गई है । देश के अन्य स्थापित खेलों के साथ-साथ स्वदेशी खेलों को भी बढ़ावा मिले तथा समाज के सभी वर्गों में खेलों के प्रति आकर्षण बढ़े और खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय चरित्र की भावना का निर्माण हो ऐसा सोच और नई आशा के साथ क्रीड़ा भारती अपना काम कर रही है।बताते चलें कि इस कैंप के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास कुमार केसरी एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं कोच सूरज कुमार, सुनीता कुमारी, देवानंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नई नई ताइक्वांडो खेल के तकनीक एवं इनकी बारिकियों को आत्मरक्षा के रूप में सिखाया एवं बताया। अंत में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा तीन खिलाड़ियों को प्रथम करण कुमार, द्वितीय रागिनी कुमारी एवं तृतीय स्थान सांता कुमारी को दिया गया। इन तीनों खिलाड़ियों को विशेष उपहार से सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर इनके हौसला को बढ़ाया। इस कार्यकम में मुख्य रूप से अध्यक्ष मो. जमालुद्दीन, संयुक्त सचिव संजीत मिश्रा, सूर्यप्रकाश सिंहा, श्री राम शास्त्री, जुगल कुमार, सागर कुमार, उमेश कुमार यादव, पीयूष कुमार के साथ 70 प्रशिक्षु ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना करते हुए संरक्षक मुकेश साह एवं इंदुमती टीबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सचिव संजय सिन्हा ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर की बैठक

### अपराधियों व अफीम कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश



**चतराः** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय उपस्थित थे। बैठक में क्राइम कंट्रोल और अफीम व ब्राउन शुगर तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया।

एसपी ने कहा कि अफीम व ब्राउन शुगर के कारोबार में लगे फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लीकेज को चिन्हित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। एनडीपीएस से से संबंधित संबंधित कांडों का अनुसंधान त्वरित गति से करें। अफीम कारोबारियों के विरुद्ध सीसीए एवं पीआईटी एनडीपीएस प्रस्ताव प्रत्येक थाना से भेजने का निर्देश दिया गया।एसपी ने बेल पर बाहर आए अभियुक्तों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।जिले में सरेंडर कर चुके नक्सलियों को सरेंडर पॉलिसी का लाभ दिलाने की कही गई। बैठक में इसके अलावा लंबित कांडों का निष्पादन करने, आम नागरिकों की शिकायतों को शीघ्र समाधान करने, आम लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने तथा थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# मनी लॉन्ड्रिंग: आरोपी बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी को नहीं मिली जमानत

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी रांची के पीएमएलए विशेष कोर्ट ने सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप को जमानत देने से इनकार कर दिया है। भानू प्रताप ने अपनी कस्टडी और स्वास्थ्य संबंधी कारणों को आधार बनाते हुए कोर्ट से जमानत की मांग की थी।

हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने इसका कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि भानू प्रताप की भूमिका इस पूरे घोटाले में अहम है और वह जांच को प्रभावित कर सकता है।

प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, भानू प्रताप समेत कई लोगों ने सेना की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री कर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है। एजेंसी इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे भी पूछताछ की जरूरत है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद भानू प्रताप की जमानत याचिका खारिज कर दी। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है और मामले की अगली सुनवाई जल्द तय की जाएगी।

## पीएलएफआई के अपराधियों ने फैक्ट्री गेट पर की फायरिंग, दी धमकी

**रांची :** राजधानी रांची में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीएलएफआई) ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। टाइल्स नामक फैक्ट्री के गेट पर देर रात बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। इनमें से एक ने फैक्ट्री गेट की ओर पिस्तौल से ताबड़तोड़ फायरिंग की, जबकि दूसरे ने पत्थर में लपेटा हुआ पर्चा फेंका। फायरिंग के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। पर्चा पीएलएफआई के लेटरहेड पर है और इसमें सब जोनल कमांडर की ओर से धमकी लिखी गई है। संदेश में लिखा है – तुम लोगों को समझाते हैं, फिर भी नहीं मानते। अब बुरा अंजाम भुगतने को तैयार रहो। जल्द कमांडर से संपर्क करो। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पर्चा पुलिस को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## बानो के सुदूरवर्ती गांव में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



मेट्रों रेज

**सिमडेगा:** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, सिमडेगा इकाई द्वारा बानो प्रखंड के बाड़काडुईल पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तारोप, लामगढ़ में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, जहां सामान्यतः स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, सिमडेगा इकाई की अध्यक्ष-सह-उपायुक्त कंचन सिंह एवं एलआरडीसी अरुणा कुमारी उपस्थित रहीं। साथ ही जिला परिषद सदस्य बिरजो कांडुलना, सिविल सर्जन डॉ। रामदेव पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो। नईमुद्दीन अंसारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अधिकारियों का पारंपरिक गीत-संगीत एवं नृत्य के माध्यम से हार्दिक स्वागत किया।

विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक ने उपायुक्त के समक्ष गांव की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि बानो प्रखंड के कई गांव आज भी सड़क, मोबाइल नेटवर्क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सड़क नहीं होने के कारण गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं या गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता। कई बार रास्ते में ही प्रसव हो जाता है या मरीज की मृत्यु हो जाती है।

### झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025

# जिला टीम का ट्रायल 13 जून को

संवाददाता

**सिमडेगा:** एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में 15 से 19 जून 2025 तक जमेशदापुर टाटा में आयोजित हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 ,में हॉकी सिमडेगा टीम के भागीदारी हेतु सिमडेगा जिला के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल दिनांक 13 जून 2025 को अपराह्न 04।00 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित होगी। इस चयन ट्रायल में सिमडेगा के वे पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका जन्म 01 जनवरी 2009 को या उसके बाद हुई है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

# सत्य और ईमानदारी जीवन के मूलभूत तत्व : आरएन सिंह

मेट्रो रेज



**रांची:** सत्य और ईमानदारी मानव जीवन के मूल मंत्र हैं। यह हमें जीवन के उद्देश्यों व लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होने में मदद करती है। नैतिक मूल्यों को समझने में भी सहायक होती है।

उक्त बातें एचईसी परिसर के सेक्टर तीन (धुर्वा) स्थित आवास संख्या बी-277 निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता धर्मपरायण रविंद्र नाथ सिंह ने गुरुवार को अपने संदेश में कही। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक गुरु हमें जीवन के मूल्यों व नैतिकता के बारे में सिखाते हैं। यदि हम अपने जीवन को अधिक सकारात्मक और अर्थपूर्ण बनाना चाहते हैं, तो सत्संग में जाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि सत्संग में शामिल होने से करुणा व प्रेम की भावना जागृत होती है, जो हमें एक दूसरों के साथ जुड़े रहने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल होने से हमें आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है। जिससे हम अपने जीवन के उद्देश्य व लक्ष्य को पाने में सफल हो सकते हैं। जीवन को सकारात्मक और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। सत्संग में जाकर आध्यात्मिक गुरुओं के प्रवचन सुनने से हमारे अंदर समुदाय की भावना विकसित होती है। इससे नैतिक मूल्यों का विकास होता है। संतों के प्रवचन सुनने से हमें आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलता है। सत्य और असत्य में फर्क का पता चलता है। संतों के प्रवचन सुनने से आत्मज्ञान में वृद्धि होती है। इससे जीवन शैली में सुधार होता है। हम अपने जीवन को अधिक स्वस्थ, संतुष्ट और सुखमय बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त सत्संग में जाने से हमें नए-नए लोगों से मिलने का भी अवसर मिलता है, जिससे हम अपने सामाजिक दायरे का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अपने जीवन को अधिक सकारात्मक और अर्थपूर्ण बनाना है तो सत्संग में शामिल होने के लिए अवश्य समय निकालें। आध्यात्मिक गुरुओं के प्रवचन को ध्यान से सुनें।इससे आत्म विश्वास जगेगा। नैतिक बल बढ़ेगा। आत्मज्ञान में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मेहनत,लगन, सत्य और ईमानदारी के पथ पर अग्रसर रहें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या :** GSUAII-PH16-ABR-BMN-Re-01 **कार्य का नाम :** Dismantling of existing track & turnouts, construction of High level platform, surfacing work, water booths, platform shelters, extension of existing FOB, extension of minor bridge, laying of new turnouts and other misc. work at Abu Road station and Construction of Goods PF, S&T Building, Laying of Stabling line, Emergency Cross over, Extension of Minor Bridge, Ballast Supply & Transportation of P-Way material and all kind of Electrical General work at Bhimana & Abu Road Station in c/w Train terminating facilities at ABR & Stabling line along with goods platform at Bhimana Station of Ajmer Division **अनुमानित लागत :** रु. 28,12,97,401.67 Bid Security : रू 15,56,500.00 **ई निविदायें बंद होने की तिथि व समय :** 01.07.2025 को 15.00 बजे **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय :** 01.07.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : **www.ireps.gov.in**
668-DR/25
हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## सिमडेगा को बाल श्रम मुक्त जिला बनाएं:उपायुक्त



**सिमडेगा:** आज बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सभी जिला वासियों,कारोबारियों,संस्था संचालकों को सूचित किया जाता है कि बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन)अधिनियम 1986एवं संशोधन अधिनियम 2016 एक भारतीय कानून है जो 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है तथा खतरनाक व्यवसायों तथा प्रक्रिया में 14 से 18 वर्ष आयु के किशोरों को काम कराना प्रतिबंधित है। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की ओर से सभी व्यवसायियों,प्रतिष्ठान संचालकों(रेस्तरां,होटल ,आदि सहित) सहित जिले वासियों को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं एवं अपेक्षाएं कि कानूनी प्रतिबंध बाल श्रम को व्यवहारिक रूप से रोकने में सहयोग करें।

## उपायुक्त ने स्टेडियम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**सिमडेगा:** बानो प्रखंड भ्रमण के क्रम में तोरपा विधायक की शिकायत के आलोक में उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने बानो प्रखंड स्थित स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से अवलोकन की और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध एवं गुणवत्ता युक्त कार्य आवश्यक है।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो का भी दौरा किया। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, भोजन, आवास एवं शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

# प्रधानमंत्री के 11 साल का कार्यकाल बेमिसाल, विपक्ष बेहाल: पवन साहू

संवाददाता



**रांची:** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल का कार्यकाल पूरे होने पर बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। और इसे स्वर्णिम तथा अमृतकाल के रूप में बेमिसाल बतलाया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में देश ने सभी मापदंडों को पूरा किया है। चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक हटाने की बात हो, पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की बात हो, अयोध्या में आराध्यदेव प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर बनाने की बात हो, देश भर में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने की बात हो, एयरपोर्ट निर्माण की बात हो, महिला सशक्तिकरण की बात हो, गरीब कल्याण की बात हो, किसान कल्याण की बात हो, झारखंड के विकास की बात हो, उन्होंने सभी मापदंडों को पूरा करने का काम किया है। कहा कि मोदी सरकार तथा भाजपा ने जो देश से वादे किए थे, वह पूरे हो रहे हैं। मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। कहा कि गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण भी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। जिसमें 11 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के तहत 6000 पहुंच रहे हैं। कहा कि यूपीए सरकार की तुलना में देश का कृषि बजट 5 पांच गुना बढ़ा है। मोदी सरकार किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि कर किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है। झारखंड के विकास के लिए भी मोदी सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24000 करोड़ रुपए की जनमन योजना से आदिवासी गांव के स्वर्णिम विकास को सुनिश्चित किया है। कहा कि श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक आज संपूर्ण देश रेलवे से जुड़ गया है, विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल के निर्माण से देश का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कहा की कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार में देश दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हुआ करती थी, जो आज प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है। मोदी जी ने 11 वर्षों में असंभव को भी संभव करके दिखाया है। आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। दुनिया में तिरंगे की ताकत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। जिससे आज दुनिया देख चुकी है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने का परिणाम क्या होगा। आज का भारत, बढ़ता भारत, बदलता भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, उभर कर आया है। आज प्रधानमंत्री के इन 11 वर्षों के कार्यकाल ने देश को एक नई दिशा प्रदान की है, और देश विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उक्त जानकारी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com

e-Tender No. : 2272 Date 10.6.2025

**शुद्धि पत्र**

ई–निविदा संख्या 2156 दिनांक 3.6.2025 को अपरिहार्य कारणो से निम्न रूप से संशोधित किया जाता है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ANC Kit का दर (RC) अनुमोदन हेतु। |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 13.6.2055 |
| 3 | ई निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 5.7.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 4 | प्री–बिड बैठक की तिथि | 17.6.2025 के अपराह्न 2.00 से। |
| 5 | बेवसाईट पर अंकित रूप से तकनीकि भाग अपलोड करने की तिथि | 20.6.25 |
| 6 | ई निविदा डाउनलोड की तिथि एवं समय | 7.7.2025 at 2.00 PM |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

PR.No. 354070 Health Med Edu and Family Welfare ( 25-26) : D है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

PR 354667 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

# खेलो के विकास पर संगोष्ठी शुरू, विभिन्न खेल संघो के साथ विकास और सहयोग पर परिचर्चा

मेट्रो रेज



**रांची:** श्रीकृष्ण लोक प्रशासन परिसर के सभागार में झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन, विभिन्न राज्य खेल संघ और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने झारखण्ड में खेल के विकास के रोड मैप पर चर्चा की। आज से कला संस्कृति एवं खेल कूद विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गए इस संगोष्ठी में इनके साथ -साथ विभिन्न जिलों के जिला खेल पदाधिकारियों ने भी शिरकत की।

आज संगोष्ठी के प्रारम्भ में खेल निदेशक संदीप कुमार, आईए एस ने सभी का स्वागत करते हुए इस आयोजन के प्रारूप पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि विभाग का मकसद खेल संघो के साथ समन्वय स्थापित करना है ताकि झारखण्ड में सभी खेलो के विकास को एक नई दिशा मिल सकें।

संगोष्ठी की शुरूआत में मंचासिन अतिथियों का स्वागत किया गया और फिर उनके द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विभागीय सचिव मनोज कुमार (आई ए एस )के साथ -साथ निदेशक संदीप कुमार, झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, जेएसएसपीएस के सी ई ओ नवीन कुमार झा ने दीप प्रज्वलित किया।

मनोज कुमार ने कहा कि आज कल जो भी बाते परिचर्चा में आएँगी उसके आधार पर विभिन्न खेल संघो का एक रोड मैप बन पाएगा।उन्होंने कहाँ की नेशनल गेम्स में पदक जितने वाले सभी खेलो के सहयोग और अन्य खेलो में झारखण्ड के बेहतरीन प्रदर्शन के मद्देनजर सभी संघो को एक रोड मैप बनाए जाने की जरूरत है। ताकि उन्हें सभी आवश्यक सहयोग दिया जा सकें

डॉ मधुकांत पाठक ने झारखण्ड में खेलो के विकास पर एक विस्तृत रोड मैप की चर्चा की उन्होंने खिलाडी कल्याण, खेल संघो को अनुदान, कोच को सहयोग, अंतराष्ट्रीय भागीदारी, प्रशिक्षण शिविर, एक्वीपमेंट बैंक, खेल संघो की कार्यशैली में पारदर्शिता आदि पर चर्चा की।

आज की संगोष्ठी में एसीटीसी, लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट प्लान और विभाग से सहयोग के मुद्दों पर संघो ने पावर पॉइंट के माध्यम से अपने संघ की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया।

इन संघो की रही प्रस्तुति : आज एथलेटिक्स, बॉक्सिंग,लॉन बॉल्स,फुटबॉल, जिम्नास्टिक, कबड्डी, खोखो, मलखम्भ, वुशु,ताइक्वांडो के संघो द्वारा प्रस्तुति दी गयी। इसमें खेल संघो ने अपनी विकास यात्रा, उपलब्धि, अगले पांच साल के रोड मैप और सरकार से संभावित सहयोग के उपर विस्तार से चर्चा की।

आज संगोष्ठी के समापन के अवसर पर विभिन्न जिलों के खेल पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें और इस बात प? चर्चा की जिला ओलम्पिक एसोसिएशन और जिले के खेल एसोसिएशन के साथ एक रूप से कार्य कर एक विकास की एक नई रूप रेखा लिखी जा सकती हैं।

संगोष्ठी के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ मधुकांत पाठक ने किया जबकि कार्यक्रम संचालन डी एस ओ प्राण महतो ने किया। इस अवसर पर विभाग के कई वरीय और कनीय पदाधिकारी के साथ सतग मणिकांत कुमार, देवेंद्र कुमार व अन्य मौजूद थे।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(खेल शाखा)**
(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

**सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम में निर्मित 04 दुकानों(दुकान सं 01,02,43 एवं 44) का आवंटन निम्नांकित शर्तो के अनुरूप की जाएगी।

1. दुकानों के आवंटन हेतु यदि 04 से कम आवेदन प्राप्त होगे तो दुकानों का आवंटन सीधे तौर से एकल लाटरी पद्धति से की जाएगी। किन्तु 04 ज्यादा आवेदन प्राप्त होते है तो पहले 04 लोगो को प्राथमिकता दिया जाएगा पुनः दुकानों का नम्बर तय करने के लिए दुबारा लाटरी निकाली जाएगी।
2. आवंटियों के द्वारा 150,000 (एक लाख पचास हजार) सुरक्षित राशि जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के नाम से बैंक ड्राफ्ट जिला खेल कार्यालय, खूँटी में जमा करना होगा।
3. दुकान आवंटी को ही दुकान चलाना है किसी दूसरे को भाड़ा या अन्य शर्तो पर देय नहीं है। एक परिवार में एक से अधिक दुकान नहीं दिया जाएगा। आवंटी की मृत्यु होने पर आवंटन रद्द माना जाएगा।
4. आवंटित दुकान का किराया 10रू0 (दस रूपये) प्रति वर्ग फिट दर से देय होगा। किराया प्रत्येक माह अग्रीम रूप से देय होगा। दो माह लगातार किराया नहीं देने पर दुकान का आवंटन रद्द किया जाएगा। किराया में 5% बढ़ोत्तरी प्रत्येक वर्ष की जाएगी।
5. दुकान यथा स्थिति में दी जाएगी तथा किसी प्रकार का मरम्मति आवंटी को ही करवाना होगा। दुकान के निर्माण में किसी प्रकार का Structural Change नहीं किया जाएगा। दुकान के बाहर डस्टबीन स्वय रखना होगा तथा दुकान के सामने रख कर अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। किसी प्रकार का मदिरालय के लिए आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
6. यह आवंटन 10 वर्षों के लिए शर्तों के अधीन वैध होगा। पुर्न आवंटन में जो लगातार किराया दे रहे होगें उनको प्राथमिकता दी जाएगी।
7. आवंटन शर्तों में बदल या बीच में आवंटन रद्द करने का अधिकार पूर्णत अधोहस्ताक्षरी को होगी।
8. आवेदन के साथ 1000/–(एक हजार रू0) का बैंक ड्राफ्ट जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के नाम से देय होगा। जो वापस योग्य नही है। बिना ड्राफ्ट का आवेदन स्वीकार योग्य नहीं होगा।
9. आवेदन विहित प्रपत्र में दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड छायाप्रति की के साथ स्वीकार्य होगी।
10. आवेदन प्राप्ति दिनांक 09.06.2025 से 16.06.2025 के अपरान्हन 1 बजे तक जिला खेल कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन के प्रथम तल कमरा सं0 4 में जमा करना सुनश्चित करेंगे। बाद में प्राप्त आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
11. आवंटी को सात दिनों के भीतर शर्तों के अनुरूप अपेक्षित राशि के साथ एकरारनामा कर लेना होगा अन्यथा आवंटन रद्द मानते हुए प्रक्रिया के तहत दूसरे अभ्यर्थी को मौका दिया जाएगा

जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

PR 354692 District(25-26)#D

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## गलत राह पर पाक

पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट में 20% का इजाफा किया है। इससे उसकी प्राथमिकता साफ हो जाती है कि उसके लिए अपनी जनता का कल्याण और विकास नहीं, भारत के खिलाफ आक्रामकता ज्यादा जरूरी है। यह बात और है कि बजट का 14.5% सिर्फ डिफेंस पर खर्च करके वह अपनी मुश्किलें ही बढ़ाएगा। लोन और आर्थिक मदद की वजह से ही पाकिस्तान अभी तक दिवालिया होने से बचा हुआ है, लेकिन इसकी वजह से उस पर 269 बिलियन डॉलर का कर्ज चढ़ चुका है, जबकि उसके मौजूदा बजट का आकार है केवल 63 बिलियन डॉलर। एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लोन लेने की आदत ने पाकिस्तान को ऐसे दुष्चक्र में फंसा दिया है, जहां अब उसे अपने बजट का करीब आधा हिस्सा कर्ज की किस्तों और ब्याज भरने के लिए देना पड़ेगा। अब जो रकम बचती है, उसमें से भी लगभग एक तिहाई, 9.17 बिलियन डॉलर उसने डिफेंस के लिए रख लिया है। इस्लामाबाद में नई दिल्ली के साथ होड़ करने की बेचैनी और उतावलापन है। लेकिन सच यही है कि इतने भारी खर्च के बावजूद भारत के 77 बिलियन डॉलर के डिफेंस बजट के सामने पाकिस्तान का रक्षा बजट बहुत मामूली है। हां, यह जरूर है कि यह होड़ उसे कर्ज, खासकर चीन के कर्ज के जाल में और फंसा रही है। पाकिस्तान पर सबसे बड़ी देनदारी चीन की है, लगभग 15 बिलियन डॉलर। पाकिस्तान अपने लगभग 80% सैन्य साजो-सामान और हथियार चीन से खरीदता है। चीन जे-35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। यानी उसके सैन्य बजट का एक बड़ा भाग चीन की जेब में जाएगा। यही नहीं, शहबाज शरीफ सरकार ने बजट में कर्ज अदायगी के लिए जो रकम रखी है, उससे भी सबसे बड़ा हिस्सा चीन को मिलेगा। विडंबना है कि भारत के साथ टकराव के दौरान पाकिस्तान को चीनी डिफेंस सिस्टम की वजह से ही नुकसान और शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। पाकिस्तान को हथियार से ज्यादा रोजगार, निवेश और अन्न की जरूरत है। उसकी इकॉनमी एक अरसे से जड़ बनी हुई है। 2025 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 2.7% है। आर्थिक मोर्चे पर उसकी सबसे बड़ी खुशी यह है कि आईएमएफ ने हाल में एक नए बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान का बजट भारत की चिंताओं की पुष्टि करने के साथ आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं को भी आईना दिखाता है। ये संस्थाएं बार-बार भरोसा टूटने के बावजूद पाकिस्तान के किसी नए वादे के झांसे में आकर मदद देती रहती हैं। क्या अब वे सबक लेंगी?

## कुशलता बढ़ाइए

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू अपने राज्य में जन्मदर बढ़ाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने फाइनैंशल इन्सेंटिव्स देने की योजना बनाई है। चंद्रबाबू के इस फैसले के पीछे सामाजिक से ज्यादा राजनीतिक कारण हैं। हालांकि आबादी के मामले में चीजें इस तरह से काम नहीं करती हैं। नायडू का कहना है कि परिवार जितना बड़ा होगा, उसे उतना ही ज्यादा आर्थिक अनुदान मिलेगा। इससे पहले वह महिलाओं के लिए कितनी भी बार मैटर्निटी लीव और वर्कप्लेस पर बच्चों के लिए सेंटर जैसे नियम बना चुके हैं। विडंबना है कि इसी आंध्र प्रदेश में ऐसे लोगों को निकाय चुनावों में खड़े होने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किया गया था, जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं। आंध्र की पॉलिसी में यह बदलाव आया कैसे? इसका जवाब बहुत कुछ संख्या बल की राजनीति में है। आंध्र समेत दक्षिण के सभी राज्यों में यह चिंता है कि कम आबादी की वजह से उनकी राजनीतिक हैसियत में कमी आई है। परिसीमन पर दक्षिण का विरोध इसी वजह से है कि उत्तर के राज्यों की तुलना में उनके यहां लोकसभा की सीटें कम बढ़ सकती हैं और इससे देश की सियासत में वह कमजोर पड़ जाएगा। चंद्रबाबू इसी के चलते दक्षिणी राज्यों से अपनी जनसंख्या नीति पर पुनर्विचार करने की अपील कर रहे हैं। हालांकि जनसंख्या इस तरह स्टॉप-स्टार्ट मोड में काम नहीं करती और इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन है। पेइचिंग ने करीब चार दशकों तक वन चाइल्ड पॉलिसी का सख्ती से पालन किया। जब इसका असर उसकी वर्कफोर्स पर पड़ा, तो 2015 में उसने दो बच्चों और फिर तीन बच्चों तक की छूट दे दी, लेकिन इससे उसकी जन्मदर पर खास फर्क नहीं पड़ा। वजह है कि शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही लोगों का ध्यान क्वॉलिटी लाइफस्टाइल की तरफ गया है। दक्षिण का डर कि उसकी आबादी गिर रही है, तस्वीर को अधूरा देखना है। असल में पूरे देश में जन्म दर में गिरावट आई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश में फर्टिलिटी रेट 2.0 है यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है। सबसे कम, 1.4 टीएफआर दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में फर्टिलिटी रेट 1.5, जबकि तेलंगाना और कर्नाटक में 1.6 दर्ज की गई थी।असल लक्ष्यः शिक्षा के साथ आई जागरूकता के कारण पिछले दशक से आबादी में बढ़ोत्तरी नियंत्रण में आई है। भारत के सामने समस्या जनसंख्या घटने की नहीं, बल्कि यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किस तरह स्किल्ड बनाया जाए ताकि वे भी विकास में साझीदार हों और उनके जीवन स्तर में सुधार आए।

# साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसलें

ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है।

देश दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी-मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो-पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022-23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया-पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है।

मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के



बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

हमारे देश में साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं या फिर ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी दे देते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राषि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं कि कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखण्ड के बड़े केन्द्र जमातड़ा को लगभग समाप्त कर ही दिया है। पर देष में 74 हॉट स्पॉट विकसित हो गए हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग, झारखण्ड का देवघर, राजस्थान का अलवर और बिहार का नालंदा पहले पांच हॉट स्पॉट हो गए हैं। मीडिया द्वारा भी समय समय पर स्ट्रिंग कर इस तरह के केन्द्रों को एक्सपोज किया है पर ठगी कम होने को ही नहीं है। दरअसल आमनागरिकों को भी सजग होना ही होगा। अनजान नंबरों पर बात ही ना करें। ज्योंही कोई डराये धमकायें तो बहकावें में आने के स्थान पर पड़ताल करें। इस तरह के हालात सामने आये तो परेशान होने के स्थान पर परेशानी को साझा करें, पुलिस का सहयोग लेने में भी संकोच ना करें। देखा जाए तो सजगता इस समस्या का समाधान हो सकती है। सबसे ज्यादा जरुरी यह हो जाता है कि लाख सजगता के बावजूद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो उस स्थिति में बिना किसी घबराहट और संकोच के कहां ओर कैसे शिकायत की जा सकती है इसकी जानकारी देने के लिए सरकारी संस्थाओं के साथ ही गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आना होगा नहीं तो साइबर अपराध का जिस तरह से दायरा दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ रहा है उस पर अंकुश नहीं लग सकेगा।

# आतंकवाद और पाक- चीन से दो टूक बात करने का समय आ गया

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, 'हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

भारत और चीन के रिश्तों के लिहाज से यह सप्ताह बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की बहादुर सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी बात करना जरूरी है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 59 नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने 33 देशों की यात्रा से वापस लौटने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत के इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश की। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान और आतंकवाद, एक दूसरे के पर्यायवाची बन चुके हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से लेकर

**संतोष कुमार पाठक**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी सहित कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देता रहा है। अमेरिका की यात्रा पर गए बिलावल भुट्टो जरदारी का एक और बयान काफी चर्चा में है जिसमें आतंकवाद का ठीकरा उन्होंने अमेरिका पर ही फोड़ दिया है।

पाकिस्तान, अमेरिका और आतंकवाद इन तीनों के आपसी संबंधों की कहानी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में स्काई न्यूज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बस अमेरिका की भूमिका पर फिर से मुहर लगाने का काम कर दिया था। ख्वाजा आसिफ के शब्दों पर गौर कीजिएगा। उन्होंने कहा था कि, 'हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम (आतंकवाद का समर्थन) कर



रहे हैं। यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

जहां तक अमेरिका की बात है, वहां के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैए से उसकी पोल लगातार खुल रही है। पाकिस्तान पर एक के बाद एक अमेरिका जिस तरह की मेहरबानी कर रहा है,वह भी पूरी दुनिया देख रही है। लॉस एंजिल्स में जो कुछ हुआ उसके बाद अमेरिकी जनता को भी अहसास होने लगा है कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है।

भारत अमेरिकी संबंधों में मचे घमासान के बीच अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने सीमाओं की सुरक्षा और पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल स्थापित करना होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब पड़ोसी चीन से दो टूक भाषा में बात करने का समय आ गया है। चीन पाकिस्तान को हर तरह की ना केवल मदद मुहैया करा रहा है बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य देश होने के नाते आतंकवादी संगठनों, आतंकवादियों और पाकिस्तान के लिए ढाल का काम भी कर रहा है। चीन पाकिस्तान के बाद श्रीलंका, म्यामांर , बांग्लादेश और नेपाल के सहारे भी भारत की घेरेबंदी कर रहा है। आखिर भारत इसे कब तक बर्दाश्त कर सकता है ?

बताया जा रहा है कि, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग इस सप्ताह भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। इस साल दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय यात्रा होगी। इससे पहले, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी जनवरी में चीन की यात्रा पर गए थे। वहां सुन और मिसरी ने आपसी रिश्तों को सामान्य करने के लिए कई मुद्दों पर सहमति जताई थी। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। उसके बाद से अब माहौल काफी बदल गया है। भारतीय बाजार के बल पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाले चीन से अब यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि वह पाकिस्तान के रास्ते पर क्यों चलना चाहता है? पाकिस्तान तो आतंकवाद को पालते-पालते एक असफल देश बन चुका है लेकिन चीन जैसे बड़े देश की आखिर क्या मजबूरी है कि उसे आतंकवादियों का साथ देना पड़ रहा है। भारत और चीन के बीच आपस में विवाद है, यह एक कड़वी सच्चाई है लेकिन दुनिया के दो प्रभावशाली और बड़े देश होने के नाते इसे सुलझाने के कई तरीके हो सकते हैं। बातचीत से अगर ये मामले सुलझ जाए तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता लेकिन क्या चीन की सेना इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसे भी भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान जैसे नाकाम देश और आतंकवादियों का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है ? वक्त आ गया है कि भारत को अब दो टूक शब्दों में चीन से इन सवालों का जवाब मांगना ही चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ही यह कह चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की यह नीति सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं अपनानी चाहिए बल्कि हर उस देश के साथ अपनानी चाहिए जो किसी भी सूरत में आतंकवादियों का बचाव करता है। भारत को यह कठोर संदेश भारत यात्रा पर आने वाले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग के जरिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तक भेजना ही चाहिए।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।**

# कर्नाटक के अमरागिरि श्री गुड्डा रंगनाथस्वामी मंदिर में है चमत्कारी पत्थर

अमरागिरि श्री गुड्डा रंगनाथस्वामी मंदिर कर्नाटक के हसन जिले के चन्नरायपेटा तालुक के चिक्कोनहल्ली में है। यह मंदिर 12वीं सदी में बना था और जिसके कारण इसका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व काफी ज्यादा है। श्री रामानुजाचार्य जो तमिलनाडु से निर्वासित होकर मेलुकोटे आए थे। अपनी यात्रा के दौरान रामानुजाचार्य चिक्कोनहल्ली में रुके थे। इस रात उनको एक खास आध्यात्मिक अनुभव हुआ। अगले दिन रामानुजाचार्य ने गांव वालों को बताया कि यह जगह भगवान विष्णु के लिए पवित्र है। रामानुजाचार्य ने कहा कि यहां पर श्रीहरि विष्णु की मूर्ति स्थापित की जाए और फिर रोज उनकी पूजा की जाए। ऐसे में रामानुजाचार्य के निर्देश पर गांव वालों ने भगवान राम की धनुष बाण लिए हुए मूर्ति स्थापित की। इसकी नियमित पूजा करनी शुरूकर दी। इस मंदिर की कहानी बेहद दिलचस्प है, उसी तरह यहां पर एक चमत्कारी पत्थर है, जोकि बेहद खास है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर और पत्थर के बारे में बताने जा रहे हैं।

कर्नाटक के हसन जिले के चन्नरायपटना तालुक के चिक्कोनहल्ली गांव में अमरागिरि श्री गुड्डा रंगनाथस्वामी मंदिर स्थित है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको हसन या चन्नरायपटना पहुंचना होगा। जोकि रेल मार्ग और सड़क मार्ग से कनेक्टेड है। वहीं अगर आप बेंगलुरू से आ रहे हैं, तो आपको करीब 160 किमी की दूरी तय करनी होगी। जिसको आप बस, ट्रेन या फिर कार से 3-4 घंटे में तय कर सकते हैं। चन्नरायपटना या हसन से आप टैक्सी या लोकल गाड़ी की मदद से चिक्कोनहल्ली पहुंच सकते हैं।

**मंदिर की कहानी :** विदेशी आक्रमणकारियों से मंदिर की सुरक्षा के लिए गांव वाले इसको रंगनाथस्वामी मंदिर कहने लगे। क्योंकि यहां पर आक्रमणकारी रंगनाथ के नाम और पूजा का सम्मान करते थे। वहीं रामानुजाचार्य द्वारा बताए मुताबिक यह मंदिर रंगनाथस्वामी मंदिर के नाम से फेमस हो गया। वहीं शनिवार के दिन मंदिर में दसोहा का आयोजन होता है। राम नवमी पर रथ उत्सव मनाया जाता है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक मंदिर की सुरक्षा 'दोनप्पा' नामक एक देवता करते हैं।

**पत्थर की खासियत :** इस मंदिर की एक खास बात यह है कि यहां पर रामानुजाचार्य का एक छोटा पत्थर है, जिसको वह तकिए की तरह उपयोग में लाते थे। अब मान्यता है कि यदि कोई अपनी मनोकामना लेकर उस पत्थर पर बैठता है, तो यदि मनोकामना पूरी होगी तो पत्थर दाईं ओर झुकेगा और यदि मनोकामना पूरी नहीं होगी तो यह पत्थर बाईं ओर झुकता चलेगा। इस पत्थर को देखकर मंदिर आने वाले भक्त खुद भी हैरान रह जाते हैं। क्योंकि इसके घूमने की स्पीड काफी तेज होती है कि व्यक्ति खुद घूमने लगता है।

**मंदिर में क्या करें :** बता दें कि हर शनिवार को मंदिर में सामूहिक भोजन कराया जाता है, जिसमें सभी भक्त शामिल हो सकते हैं।
वहीं राम नवमी के शुभ मौके पर मंदिर में भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है। ऐसे में आप भी इसमें शामिल होकर धार्मिक और सांस्कृतिक आनंद उठा सकते हैं।
मंदिर का वातावरण बहुत शांत और आध्यात्मिक रहता है। वहीं यहां की हरियाली और पहाड़ों का नजारा आपके मन को सुकून दे सकता है।
मंदिर के पुजारी और यहां के स्थानीय लोग मंदिर के इतिहास और रामानुजाचार्य से जुड़े प्रसंग बताते हैं। ऐसे में आप इस मंदिर से जुड़ी चीजें पूछ सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## शहर में सीसीटीवी निगरानी को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# सीसीटीवी प्रणाली को सुचारू बनाएं रखें : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की वर्तमान स्थिति, उनकी कार्यक्षमता एवं तकनीकी समस्याओं पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने विशेष रूप से खराब पड़े कैमरों की मरम्मति एवं उनकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए सीसीटीवी प्रणाली को सतत और सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।बैठक में बताया गया कि प्रायः विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के वायर कटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिससे कैमरे बंद हो जा रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर बार-बार वायर कटने की समस्या उत्पन्न हो रही है।वहां केबल को भूमिगत अंडरग्राउंड करने की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए ताकि भविष्य में ऐसे अवरोध उत्पन्न न हों।

बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा जिला श्रम अधीक्षक धीरेन्द्र नाथ महतो जिला विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी शंभूनाथ चौधरी सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह समेत कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी की मरम्मति कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, उपायुक्त ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं, निमार्णाधीन हेल्थ सब सेंटर और एएनएम-सहिया की नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने सभी एम ओआईसी को एच एससी की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक को एएनएम नियुक्ति हेतु रोस्टर तैयार कर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही सहिया की नियुक्ति के लिए सचिवालय को पत्राचार करने और उन्हें दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक के अंत में उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, डीपीएम हीना समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से उत्तर पलाशगाछी में लगा नया ट्रांसफार्मर, लोगों में खुशी



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के स्कूल मोड़ पर ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या अब दूर हो गई है। राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के विशेष प्रयास से बुधवार को 100 केवीए क्षमता का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य एकलाखुर रहमान, झामुमो उधवा प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली, सचिव विश्वजीत मंडल और जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अली हुसैन उर्फ कमीशन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने विधायक एमटी राजा का आभार प्रकट किया जानकारी के अनुसार, उत्तर पलाशगाछी पंचायत के स्कूल मोड़ में लगा पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिजली बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी और घरेलू उपकरण भी बेकार पड़े थे। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग को आवेदन देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने राजमहल विधायक एमटी राजा से नया ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई थी। लोगों की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक एमटी राजा ने तत्काल गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया, जिससे गांव में छाया अंधेरा दूर हो गया है। ग्रामीणों ने विधायक एमटी राजा का आभार प्रकट किया है। मौके पर रुहूल अमीन, अभि भूषण दास, अजीजुर रहमान, समेत अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# आठ दिनों से बिजली ठप्प,आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया धरना

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा:** तपतपाती गर्मी और चिलचिलाती धूप से जहाँ लोगों का जीना दुश्वार है ऐसे में अगर विजली व्यवस्था चरमराई तो सीधे लोगों के मौलिक अधिकारों पर प्रभाव पड़ता है।बरहरवा और पतना प्रखण्ड अंतर्गत संयुक्त गाँव झिकटिया में बीते आठ दिनों से बिजली पूर्ण रूप से ठप्प है,बीते दिनों आसमानी बिजली और तूफानी बारिश के कारण कुछ बिजली के तार एवं झिकटिया के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति होने वाली ट्रांसफार्मर जल गए,जिसकी सूचना बिजली विभाग को दिए जाने के बाद भी आठ दिनों तक इसका समाधान नहीं निकला और लोग इस भीषण गर्मी में परेशान थे,मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम को लिखित शिकायत कर समस्या के समाधान को लेकर गुहार लगाई,जिसके बाद विधायिका द्वारा बरहरवा बिजली के पदधिकारियों को झिकटिया में नया 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर निर्देशित किया गया। तत्पश्चात बिजली विभाग द्वारा झिकटिया चौक में खुदाई और



पोल गाड़ने का काम शुरू कर दिया गया,ग्रामीण भी उम्मीद लगाए बैठे थे कि बुधवार को ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली आपूर्ति की जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया धरना प्रदर्शन विजली विभाग द्वारा बुधवार को नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वाशन दिया गया था लेकिन जब ट्रैक्टर में लोड होकर ट्रांसफर्मर झिकटिया पहुँची तो सभी चौक गए नए ट्रांसफर्मर की जगह पुरानी और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर भेजा गया था जिस ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव हो रहा था या देखकर ग्रामीण पूरी तरह आकर्षित हो गए और बिजली विभाग के लापरवाही और सौतेला व्यवहार का नारा लगाते हुए झिकटिया चौक के चौराहे को जाम कर धरना प्रदर्शन करने लगे मामले को लेकर ग्रामीणों से पूछा गया तो ग्रामीणों ने बताया कि जिस वाहन से ट्रांसफार्मर यहाँ लगाने के लिए लाया जा रहा था उसके ड्राइवर को दबाव देने पर चालक ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर कहीं और क्रेशर में भेज दिया गया है। और पुराना ट्रांसफार्मर खोलकर यहां लाने को कहा गया है।इसी बात से नाराज होकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और मांग करने लगे जब तक 200 केवीए का नया ट्रांसफर्मर नहीं लगाया जाएगा तब तक सड़क यातायात पूरी तरह से बाधित रहेगी और महिला पुरुष सभी धरना पर बैठे रहेंगें। हालांकि बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास कर रहे थे ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित हो।वहीं प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के कोई भी पदधिकारी मौके पर नहीं पहुँचे थे,फोन के माध्यम से जानकारी दी गई कि नया ट्रांसफार्मर जल्द ही लगा कर विजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। खबर लिखे जाने तक सड़क पर यातायात बाधित थी और ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी था।

# पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में ना हो बिजली की समस्याः निसात आलम

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक महीने से अनियमित विद्युत आपूर्ति से परेशान उपभोक्ताओं के लिए एक सुखद खबर सामने आई है पूरे मामले को लेकर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सह निसात आलम व झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री



के प्रधान सचिव अविनाश कुमार से उनके रांची कार्यालय में मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया है विधायक निसात आलम ने बताया कि पाकुड विधानसभा क्षेत्र में गर्मी के मौसम में बिजली की स्थिति काफी खराब हो गई है। जितनी पावर सप्लाई हम लोगों के चाहिए उसके मुकाबले हम लोगों को पावर नहीं मिल रहा है इस कारण पावर ग्रिड और पावर सबस्टेशन से लोड सेटिंग के आधार पर विद्युत पावर सप्लाई की जाती है। इस कारण कई घंटे तक अलग-अलग फिडर में विद्युत आपूर्ति बाधित होती है इससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है इसी के समाधान को लेकर वरिष्ठ आईएएस सह झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अध्यक्ष अविनाश कुमार से मुलाकात किया गया है। उन्होंने तत्काल विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर सख्त निर्देश दिया इस दिशा में आवश्यक पहल करें ताकि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या ना हो और उपभोक्ताओं को नियमित बिजली प्राप्त हो सके

## एनजीटी की रोक बेअसर कोयल नदी से बालू ढुलाई तेज

**पलामू।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश पर मानसून को लेकर 15 अक्टूबर तक किसी भी नदी से बालू उत्खनन और भंडारण पर रोक लगाई गई है। बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिला एवं अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स भी गठित की गयी है, लेकिन टास्क फोर्स की विफलता के कारण पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में बालू का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। प्रखंड क्षेत्र के नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गांवों से होकर गुजरने वाली कोयल नदी से रात्रि के नौ बजे से दिन के नौ बजे तक बालू उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। रात्रि में अवैध बालू का परिवहन कर कारोबारियों की ओर से चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों और कई प्रकार के कार्यों में उंची कीमत पर बिक्री की जा रही है। इस कार्य में प्रतिदिन करीब दो दर्जन ट्रैक्टर लगे रहते हैं। प्रतिदिन रात्रि से दिन के उजाले तक बालू उठाव के लिए कोयल नदी में ट्रैक्टर की लाइन लगी रहतीं हैं, लेकिन थाना, अंचल और खनन विभाग के अधिकारियों को यह सब नहीं दिखता। लोगों में चर्चा है कि सब सेंटिंग से हो रहा है। इस कारण बालू कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। बालू कारोबारियों ने चैनपुर थाना क्षेत्र में प्रति ट्रैक्टर बालू 2500-3000 हजार तक बिक्री की जा रही है। इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गर्मी के कारण चक्कर आने से गिरी बृद्धा

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के बड़ी भगियामारी सकरीगली निवासी रामा उरांव की 62 वर्षीय पत्नी ऊषा देवी को चक्कर आने से बीच सड़क पर गिर गई।स्थानियों लोगों की मदद से आनन -फानन में इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।घायल उषा देवी ने बताया कि अपने घर सकरीगली से पैदल साहिबगंज की ओर आ रही थी। ज्यादा धूप और गर्मी के कारण अचानक महेंद्र शोरूम के समीप चक्कर आने से गिर गई जिसके कारण मेरा सिर फट गया और गंभीर चोट लगा ।

### महिला के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर निवासी डा अजय कुमार को महिला के साथ मारपीट करने के मामले में जिरवाबाडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि डा अजय कुमार के विरुद्ध अजय कुमार की दूसरी पत्नी की मां सविता देवी ने मारपीट व अभद्र व्यवहार करने को लेकर बीते माह पहले शिकायत दर्ज करवाया था। मामले की छानबीन करते हुए डा अजय को बीती रात्रि गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया।

### घर में चोरी करने के बाद चोरों ने विकास सिंघानिया पर चाकू से किया वार

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार स्थित सिंघानिया हार्डवेयर के संचालक विकास सिंघानिया के घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर चोरी कर ली साथ ही चोर ने विकास सिंघानिया को कंधे पर चाकू से वार भी कर दिया।सूचना पर नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। दुकान संचालक विकास ने बताया कि लगभग 12:30 बजे के आसपास एक कर घर के सामने से घुसा और दुकान की तलाश करने लगा वहां पर रख कुछ नगद रुपए चोरी करने के बाद वह रूम घुसा और सारा सामान इधर-उधर फेकने लगा। तब तक वह रूम से नगद रुपया चोरी कर लिया था। नींद खुलने पर उसे खदेड़ तो उसने चाकू से कंधे पर वार कर दिया जिससे मैं जख्मी हो गया फिर वह भाग निकला। उसके भगाने के बाद पीछा भी किया लेकिन वह भागने में सफल रहा बताया कि लगभग 60 हजार रुपया चोरी हो गया।

### अनियंत्रित होकर गिरा बाइक, तीन घायल

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बकरीद पर्व को लेकर मंडरो फॉसिल पार्क में दुर दराजों एवं आसपास सैलानियों की भीड़ तीन चार दीनों से उमड़ी रही, मिलियन साल पुराना फॉसिल को देखने लिए युवा,स्कली बच्चे,परिवार एवं बच्चों के साथ पहुंचते हैं। फॉसिल पार्क रास्तों में विभिन्न तरह की दुकाने सड़क किनारे खोल दिया गया है। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहीं सुरक्षा को लेकर वन कर्मी एवं प्रशासन मुस्तैद नजर आते हैं। बुधवार दोपहर एक बाइक पर शाहरुख अंसारी, वसीम अंसारी, नमन कुमार, सवार होकर फॉसिल पार्क जाने के क्रम में सड़क पर अनियंत्रित होकर गीर पड़ा हाथ पैर में काभी चोट आई वहीं आस-पास ग्रामीण के सहयोग से घायल व्यक्ति को मंडरो प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्रार्थमिक उपचार किया गया, बताया गया कि घायल युवक सीमावर्ती गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र का रहने वाला है, उपचार के बाद उसे उसके घर भेज दिया गया।

### निर्विरोध साहिबगंज राजद जिलाध्यक्ष बने सत्यनारायण




**साहिबगंज :** राष्ट्रीय जनता दल साहिबगंज के जिला अध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया हेतु पार्टी संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अधीन सत्यनारायण यादव तीनपहाड निवासी को निवार्ची पदाधिकारी संजय भारद्वाज एवं सुखदेव विद्रोही के द्वारा जिलाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं 12 वीं बार जिलाध्यक्ष पद पर आसीन होने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला।और उनको चारों तरफ से बधाईयां आने लगा।वहीं निवार्ची पदाधिकारीयों द्वारा उन्हें जिलाध्यक्ष का प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने लालू यादव जिंदाबाद,तेजस्वी यादव,जिंदाबाद के नारे लगाए।इस मौके पर निवार्ची पदाधिकारी संजय भारद्वाज,सुखदेव विद्रोही,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,संजय यादव,पंचानन साहा, मुन्नवर हुसैन,युवा जिलाध्यक्ष सद्दाम हुसैन,जलपा हेंब्रम,जियाउर अंसारी,रामावतार सिंह,रेमाफुल हुसैन के अलावा सभी प्रखंड अध्यक्ष,डेलीगेट मेंबर के साथ सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राशन डीलर पर गड़बड़ी और अभद्र व्यवहार का आरोप

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह के हलुदबनी पंचायत क्षेत्र में राशन डीलर बीसी गोप के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर नियमानुसार हर महीने दो बार राशन देने के बजाय केवल एक बार ही राशन बांट रहा है। इसके अलावा, जब महिलाएं इस पर सवाल करती हैं तो डीलर उनके साथ अभद्र भाषा में बात करता है और डांट-फटकार कर भगा देता है।

## उपायुक्त ने किया विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

# पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को जिला ग्रामीण विकास शाखा अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में जिला समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। वहां सभी कर्मचारी की उपस्थिति की जानकारी ली। कार्यालय में गंदगी थी और सारे सामान व्यवस्थित रूप से नहीं थे। जिस पर उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी



को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके उपरांत मनरेगा, आवास, लेखा शाखा पहुंचे वहां सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सभी को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त श्री सिन्हा ने डीआरडीएस सभागार के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। अधिकारियों को सफाई व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। इसी क्रम में एमआईएस कार्यालय में चल रहे चौकीदार नियुक्ति कार्य का निरीक्षण किया। दावा आपत्ति करने आए अभ्यर्थियों से बात कर उपायुक्त ने जानकारी ली। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आईटीडीए परियोजना निदेशक को मिला उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

**दुमका :** जिले के उपायुक्त सह निवर्तमान उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा से परियोजना निदेशक आईटीडीए रवि जैन ने बुधवार को उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। आईएएस अधिकारी रवि जैन वर्तमान में दुमका जिले के परियोजना निदेशक आईटीडीए भी है। प्रभार के उपरांत निवर्तमान उप विकास आयुक्त ने नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त रवि जैन को उनके कार्यों से अवगत कराया तथा सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त भी कराया। प्रभार लेते ही उन्होंने कहा कि जिले में विकास के एक नए मानक को स्थापित किया है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा योजनाओं का क्रियान्वयन नियमानुसार धरातल पर उतारना प्राथमिकता होगी।



**दो साल बाद बॉलीवुड में कमबैक पर बोलीं नरगिस फाखरी**

# ऐसा लग रहा है, जैसे कभी गई ही नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर चर्चाओं में हैं। वह इस फिल्म के जरिए दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने कमबैक से काफी खुश हैं, उन्हें ऐसा लग रहा है, जैसे वह कभी पर्दे से दूर गई ही नहीं थीं। नरगिस ने रविवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। ये तस्वीरें हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च के दौरान किए गए फोटोशूट की हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कमबैक... जैसे कभी गई ही नहीं थीं, अब पहले से भी ज्यादा ताकतवर और शानदार अंदाज में लौट आई हूं। एक्ट्रेस को अब से पहले 2023 में रिलीज हुई अनुपम खेर-नीना गुप्ता अभिनीत शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। इस फिल्म का निर्देशन अजय वेणुगोपालन ने किया था। उनकी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 की बात करें तो, 31 मई को फिल्म से नया गाना द फुगड़ी डांस रिलीज किया गया था। फिल्म से अभी तक चार गाने, जिसमें लाल परी, दिल ए नादान, कयामत और नया द फुगड़ी डांस शामिल हैं, रिलीज हो चुके हैं। फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है, जो इससे पहले दोस्ताना जैसी हिट फिल्म बना चुके हैं। इस फिल्म की कहानी साजिद नाडियाडवाला ने लिखी है। वह फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में 19 कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट है, जिनका किरदार अपनी अलग मस्ती और अंदाज लेकर आएगा।फिल्म के स्टारकास्ट में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर जैसे कलाकार हैं। हाउसफुल 5 6 जून को दुनिया भर में रिलीज होगी।







**आमिर खान ने गर्लफ्रेंड गौरी के बारे में की बात, कहा-**

## सोचता था बूढ़ा हो गया हूं कौन मिलेगी?

**आमिर** खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बारे में खुलकर बात की है। यही नहीं उन्होंने अपनी दोनों पत्नियों के बारे में भी बताया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आमिर अकसर अपनी जबरदस्त एक्टिंग के चलते सुर्खियों में रहते हैं। यही नहीं वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बारे में खुलकर बात की है।

### 60 साल की उम्र में आमिर को हुआ प्यार

इसी साल 60 साल के हो चुके आमिर खान ने अपनी जिंदगी में दो बार शादी की है। वह अपनी दोनों पत्नियों से अलग हैं। अब उन्हें एक नई लड़की गौरी स्प्रैट से प्यार हुआ है। इसी साल अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने गौरी स्पैट के साथ अपने रिश्ते के बारे में सबको बताया था। अब एक बार फिर आमिर खान ने एक इंटरव्यू में अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है।

### गौरी से गलती से मिले आमिर खान

राज शमानी के साथ बातचीत में आमिर खान ने बताया गौरी स्प्रैट से मिलने से पहले मुझे लगता था कि मैं बूढ़ा हो गया हूं। मुझे इस उम्र में कौन मिलेगी? थेरेपी ने वास्तव में मुझे ये समझने में मदद की कि मुझे पहले खुद से प्यार करने की जरूरत है। मुझे ठीक होना था और अपनी सेहत पर काम करना था। गौरी और मैं गलती से मिले। हम जुड़े और दोस्त बन गए और प्यार हो गया।

### पूर्व पत्नियों के साथ आमिर के कैसे हैं रिश्ते?

आमिर खान ने अपनी पूर्व पत्नियों के बारे में कहा रीना दत्ता और किरण राव के साथ मेरे बहुत मजबूत और गहरे रिश्ते रहे हैं। हम अब भी करीब हैं। हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और हमेशा करते रहेंगे। हम पति-पत्नी नहीं रह सकते लेकिन हमेशा एक परिवार रहेंगे। हम बैठते हैं और बातें करते हैं। हमारे बीच सच्चा प्यार और गर्मजोशी है। ये खत्म होने वाला नहीं है।



## हर्षवर्द्धन दीवानियत के अंतिम शेड्यूल के लिए तैयार

अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शूटिंग अगले हफ्ते से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जुलाई में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार के साथ अपनी अगली सोलो फिल्म शुरू करने को लेकर भी उत्साह जताया है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह स्विमिंग पूल के पास खड़े नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में वह सफेद बिना बाजू की शर्ट, काली कार्गो पैंट और सनग्लास पहने हुए हैं। वह इन कपड़ों में काफी स्टाइलिश दिख रहे हैं। कैप्शन में हर्षवर्धन ने लिखा, अगले हफ्ते दीवानियत की आखिरी शूटिंग चरण का इंतजार है और एक महीने बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार सर के साथ अपनी अगली एकल फिल्म शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज शाम तक और जानकारी दूंगा! अगर बात करें 'एक दीवाने की दीवानियत' की तो इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। यह फिल्म दशहरे पर रिलीज की जाएगी। 27 मई को फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें मुख्य जोड़ी के बीच गहरी भावना और केमिस्ट्री दिखाई गई थी। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और ड्रामा से भरी कहानी का वादा करती है। अभिनेताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 अक्टूबर 2025, गांधी जयंती और दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दिखेगी मोहब्बत, नफरत और एक दीवाने की दीवानियत की कहानी! यह फिल्म प्यार, जुनून और दिल टूटने जैसी गहरी भावनाओं को दिखाती है। अगर ओमंग कुमार की इस आने वाली फिल्म की बात करें, तो इसमें सादिया खतीब और करण वीर मेहरा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ओमंग कुमार दमदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, और हर्षवर्धन की जबरदस्त अभिनय शैली के साथ यह फिल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी। इस फिल्म को ओमंग कुमार के साथ मिलकर उमेश के.आर. बंसल, प्रगति देशमुख, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह, धनंजय सिंह, अभिषेक अंकुर और कैप्टन राहुल बाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं राहत शाह काजमी इस फिल्म के सह-निर्माता हैं। हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत 2007-2008 में टेलीविजन शो लेफ्ट राइट लेफ्ट में एक छोटे से रोल से की थी। इसके बाद वह ना इष्टम, अवुनु, प्रेमा इश्क काधल, अनामिका और माया जैसी कई सफल तेलुगु फिल्मों में नजर आए। सनम तेरी कसम से हिंदी फिल्मों में कदम रखने के बाद, उन्हें तैश (2020) में एक गैंगस्टर की भूमिका और हसीन दिलरुबा (2021) में एक रोमांटिक प्रेमी की भूमिका के लिए खूब सराहा गया।

## मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती:अली फजल

**बॉलीवुड** एक्टर अली फजल ने फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती और निश्चित रूप से स्टार कमल हासन के साथ तो बिल्कुल नहीं। अली फजल ने कहा, आपके जीवन में कुछ ऐसे कॉल आते हैं, जिनके बारे में आपको तुरंत पता चल जाता है कि वे आपकी यात्रा की दिशा बदलने वाले हैं, यह उनमें से एक था। अभिनेता ने कहा कि अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने से पहले उन्हें एक सेकंड के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। उन्होंने कहा, जब आप मणिरत्नम का नाम सुनते हैं, तो आप सिर्फ सिनेमा के बारे में नहीं सोचते बल्कि आप विरासत के बारे में सोचते हैं। आप ऐसी कहानी के बारे में सोचते हैं, जो गहरी भावनाओं और मानवीय कहानियों से भरी होती है। मुझे 'ठग लाइफ' के लिए हां कहने से पहले एक पल के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। मणिरत्नम की फिल्म में काम करना कोई रोजमर्रा का मौका नहीं है, खासकर जब इसमें कमल हासन जैसे महान अभिनेता शामिल हों। अली ने कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अली ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को एक साथ लाती है और कई भाषाओं में बन रही है, जो इसे और भी खास बनाता है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी और बड़ी कहानी है, जिसमें मैं हमेशा से हिस्सा लेना चाहता था। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और उत्साह की बात है। मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' एक शानदार सिनेमाई अनुभव प्रदान करने वाली है, जिसमें दमदार अभिनय, रोमांचक कहानी और भव्य दृश्यों का मिश्रण होगा। यह फिल्म मणिरत्नम की निर्देशकीय शैली को दर्शाती है। सुपरस्टार कमल हासन इस फिल्म के मुख्य अभिनेता हैं। 'ठग लाइफ' 5 जून को सिनेमाघरों में तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, अली फजल फिल्म मेट्रो...इन दिनों में भी नजर आएंगे, जो अनुराग बासु के डायरेक्शन में बनी है। यह फिल्म आधुनिक पृष्ठभूमि में प्यार की जटिलताओं और भावनाओं को दिखाती है। यह अनुराग बासु की 2007 की फिल्म लाइफ इन अ... मेट्रो का एक तरह से सीक्वल है, जिसमें मुंबई में नौ लोगों की आपस में जुड़ी जिंदगियों की कहानी दिखाई गई थी।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु द्वारा निर्मित यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल : पहले दिन गेंदबाजों का रहा बोलबाला, 14 विकेट गिरे

**एजेंसी**

**लंदन।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन का खेल गेंदबाजों के नाम रहा। लंदन के ओवल मैदान पर खेले जा रहे इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में कुल 14 विकेट गिरे, जिससे मुकाबले का रोमांच और भी बढ़ गया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 212 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने स्टंप्स तक 4 विकेट पर 43 रन बनाए हैं। अफ्रीकी टीम अब भी 169 रन पीछे है।

**ऑस्ट्रेलिया की लड़खड़ाती शुरूआत, स्मिथ-वेबस्टर ने संभाली पारी**

टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजी का फैसला किया और कगिसो रबाडा व मार्को यानसेन की अगुवाई में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को झकझोर कर रख दिया। ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन और एलेक्स कैरी जैसे प्रमुख बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। उस्मान ख्वाजा तो खाता भी नहीं खोल सके।

**ऑस्ट्रेलिया 212 पर ढेर, दक्षिण अफ्रीका भी संघर्ष में**



हालांकि स्टीव स्मिथ (66 रन) और ब्यू वेबस्टर (72 रन) ने संघर्ष करते हुए टीम को किसी तरह 200 के पार पहुंचाया। विकेट कीपर एलेक्स कैरी ने भी 23 रन का योगदा दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 212 रन के योग पर समाप्त हुई।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने अंतिम 5 विकेट मात्र 20 रन के भीतर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने 5 विकेट, जबकि जानसेन ने 3 विकेट हासिल किया। केशव महाराज और एडन मारक्रम को एक-एक सफलता मिली।

**दक्षिण अफ्रीका की भी बैटिंग में हालत खराब**

हालांकि शानदार गेंदबाजी के बाद जब दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी शुरू की, तो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने उनकी जमकर परीक्षा ली। एडन मार्करम पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद रायन रिकल्टन (16), वियान मुल्डर (6) और ट्रिस्टन स्टब्स (2) भी जल्दी आउट हो गए। स्टंप्स के समय तक कप्तान टेंबा बावुमा 3 रन (37 गेंद) और डेविड बेडिंगहम 8 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने 2 विकेट, जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिया।

**गेंदबाजों के दबदबे वाला पहला दिन**

पहले दिन के खेल को देखें तो यह साफ है कि दोनों टीमों के बल्लेबाजों को तेज और स्विंग गेंदों से जूझना पड़ा है। ओवल की पिच गेंदबाजों की मददगार साबित हो रही है और दोनों टीमों को मजबूत स्कोर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

## महिला टेनिस खिलाड़ियों को प्रजनन प्रक्रिया के दौरान मिलेगा संरक्षित रैंकिंग का लाभ : डब्ल्यूटीए



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महिला टेनिस की शासी संस्था डब्ल्यूटीए (डब्ल्यूटीए) ने बुधवार को घोषणा की कि जो महिला खिलाड़ी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया (फर्टिलिटी प्रोटेक्शन प्रोसीजर) से गुजरना चाहती हैं, उन्हें खेल से समय लेने की अनुमति दी जाएगी और वे वापसी पर संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रतिस्पर्धा में लौट सकेंगी।

डब्ल्यूटीए के इस नए नियम का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को पारिवारिक लक्ष्यों और पेशेवर करियर के बीच संतुलन बनाने में सहायता करना है। यह कदम डब्ल्यूटीए द्वारा तीन महीने पहले घोषित उस नीति के बाद आया है, जिसमें खिलाड़ियों को 12 महीने तक का सशुल्क मातृत्व अवकाश देने की बात कही गई थी।

डब्ल्यूटीए ने एक बयान में कहा, नए नियम के तहत खिलाड़ी अब अंडाणु या भ्रूण को सुरक्षित रखने जैसी प्रजनन संरक्षण प्रक्रिया के लिए पेशेवर टेनिस से समय ले सकती हैं और संरक्षित रैंकिंग के साथ सुरक्षित रूप से प्रतियोगिता में लौट सकती हैं।

इस निर्णय को महिला खिलाड़ियों के लिए एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे वे अपने व्यक्तिगत जीवन और खेल करियर दोनों को बेहतर ढंग से संभाल सकेंगी।

## दिल्ली भाजपा के नेताओं के साथ पीएम मोदी की साढ़े 3 घंटे चली बैठक

# 100 दिनों के रिपोर्ट कार्ड विकास के एजेंडे पर हुई चर्चा

● चुनावी जीत के बाद दिल्ली इकाई के नेताओं के साथ पहला संवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सांसदों और विधायकों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास पर उनकी यह बैठक करीब साढ़े तीन घंटे तक चली। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की सभी सात सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत और विधानसभा चुनाव 2025 में निर्णायक बहुमत हासिल करने के बाद यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री ने पार्टी के दिल्ली इकाई के नेताओं के साथ सीधे संवाद



किया। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब केंद्र में भाजपा सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार के 100 दिन भी पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर को पार्टी नेताओं ने एक ह्लसांकेतिक और उत्सवपूर्णह्व क्षण बताया। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में दिल्ली के 100 दिनों के रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी विधायकों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा संपर्क अभियान बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने 'क्लीन दिल्ली ग्रीन दिल्ली' मिशन पर काम करने का मंत्र दिया। राजधानी का विकास किस तरह से किया जाए, इस पर भी प्रधानमंत्री ने विधायकों व सांसदों को टिप्स दिए।

वहीं मुलाकात को लेकर दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, यह एक सुनहरा दौर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और अब दिल्ली में भी शानदार कार्य हुआ है, जिसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देने आए हैं। उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिल्ली के भविष्य के लिए निर्धारित राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा, ह्लपहले जब हम चुनाव जीतकर मिले थे, तब हमारे पास दिल्ली की सत्ता नहीं थी, लेकिन आज 27 वर्षों के बाद भाजपा ने यहां सरकार बनाई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव




एजेंसी

**सुल्तानपुर।** कूरेभार रेलवे स्टेशन के निकट अयोध्या-प्रयाग रेलखंड पर एक अधेड़ व्यक्ति का रेलवे ट्रैक पर शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कूरेभार रेलवे स्टेशन के निकट अयोध्या-प्रयाग रेलखंड पर एक अधेड़ की लाश मिली है। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान कालीचरण सिंह ( 50 ) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजगीर रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया? । जीआरपी थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं। हादसे के बाद से परिजनों में शोक की लहर है।

## डोमकल में भीषण बम विस्फोट प्रवासी मजदूर की मौत, चार हिरासत में

**मुर्शिदाबाद।** जिले के डोमकल इलाके में बुधवार देर रात हुए जोरदार बम विस्फोट से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लेबुगाड़ा इलाके के एक मैदान में बम बनाते समय विस्फोट हुआ, जिसमें 30 वर्षीय प्रवासी मजदूर चांदू शेख उर्फ शफीकुल की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके को दहशत के साये में ला दिया है। मृत युवक अपने घर के पास ही एक खुले मैदान में बम तैयार कर रहा था। इसी दौरान एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के इलाकों तक उसकी गूंज सुनाई दी। स्थानीय लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही डोमकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से बम निर्माण से जुड़े कई उपकरण बरामद किए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आई है कि बम बनाते समय लापरवाही के कारण विस्फोट हुआ। पुलिस ने इस मामले में चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के पिता मिन्नत अली ने बताया कि उन्होंने खुद अपने बेटे को घायल अवस्था में टोटो में बैठाकर बहारमपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि उनके बेटे की किसी से कोई निजी दुश्मनी



नहीं थी। घटना के बाद माकपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना सत्तारूढ़ दल के भीतर चल रही गुटबाजी और चुनावी हथियारों के संग्रहण की रणनीति का हिस्सा है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मामले की पूरी जांच पुलिस कर रही है और इसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। घटना के बाद लेबुगाड़ा और आसपास के इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है तथा इलाके की निगरानी और तेज कर दी गई है।

## बच्चों को बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा : मुख्यमंत्री

### हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का लें संकल्प

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बाल मजदूरी में झोंकना, देश के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी न सिर्फ एक सामाजिक अपराध है, बल्कि बचपन की मुस्कान और सपनों की उड़ान को छीन लेने वाला कलंक भी है। शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान हर बच्चे का अधिकार है। यही नया भारत है, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बचपन को संवारने के लिए सही पोषण, सुरक्षित वातावरण और अच्छी शिक्षा



व्यवस्था पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने सभी से ह्यबाल श्रम को 'न' कहकर बच्चों को उनका बचपन लौटाने की अपील की है।दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इस विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और संस्कार से जोड़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता और सहयोग से ही हम एक संवेदनशील, सशक्त समाज के भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## प्रतापगढ से सिक्किम गए नव विवाहित जोड़े का दो सप्ताह बाद भी नहीं मिल सका सुराग

एजेंसी

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ जिले से शादी के बाद हनीमून पर सिक्किम गये कपल हादसे का शिकार हो गये। 29 मई को हुए हादसे के बाद से अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है जिसके चलते परिजन हताश हो रहे हैं। परिजनों ने शासन और प्रशासन से अपने बेटे और बहू को खोजने की गुहार लगाई है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के भाजपा नेता उम्मेद सिंह ने गुरुवार को बताया कि उनके 25 वर्षीय भतीजे कौशलेन्द्र प्रताप सिंह की शादी बीते पांच मई को धनगढ़ सराय चिवलाहा गांव निवासी विजय सिंह उर्फ डब्बू की बेटी अंकिता सिंह (26) से हुई थी। कौशलेन्द्र के दूसरे चाचा दिनेश सिंह के अनुसार दंपत्ति हनीमून के लिए 25 मई को ट्रेन से सिक्किम के लिए रवाना हुए और 26 मई को



मंगन जिले में पहुंचे। 29 मई को लाचेन से लौटते समय भारी बारिश के दौरान कथित तौर पर उनका वाहन एक हजार फीट गहरी खाई यानी नदी में गिर गया। तब से लगातार उनकी तलाश तलाश जारी है, लेकिन इस जोड़े का अभी तक कोई अता-पता नहीं चल सका है। फिलहाल जानकारी के अनुसार तीस्ता नदी और खाई के आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया रहा है। बताया कि इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और भैया व भाभी ने सरकार और प्रशासन से बेटे व बहू को खोजने की गुहार लगाई है।

## योग दिवस पर विशाखापत्तनम में पीएम करेंगे योग, 40 देशों के राजनयिक भी रहेंगे मौजूद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में योग करेंगे। वे वहां पर 45 मिनट में 19 योग आसन करेंगे। उनके साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी वहां मौजूद रहेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने गुरुवार को नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ 40 देशों के राजनयिक भी शामिल होंगे। साथ ही 20 देशों से आए योग आचार्य और प्रशिक्षित लोग भी मौजूद रहेंगे। इनके अलावा अन्य 20 देशों के भारत में रहने वाले छात्र-छात्राएं भी योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व है जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने 30 मार्च को अपने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम की थी। यह थीम व्यक्तिगत संतुलन और वैश्विक सामंजस्य को बहाल करने की भारत की योग की शक्ति को रेखांकित करती है। दिल्ली में भी योग दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के नेतृत्व में दिल्ली के 111 प्रतिष्ठित स्थानों पर योग सत्र आयोजित होंगे। इनमें प्रमुख स्थान हैं- लाल किला, पुराना किला, कर्तव्य पथ, कुतुब मीनार, इंडिया गेट सहित नई दिल्ली के प्रमुख पार्क शामिल हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और दिल्ली नगर निगम मुख्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इसके अलावा दिल्ली सरकार ने भी इस दिन 10 बड़े योग कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है जो शहर के अलग-अलग इलाकों में होंगे।इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की ओर से अनेक छोटे-बड़े योग कार्यक्रमों की तैयारी चल रही है।फिलहाल दिल्ली में अब तक 1,300 से ज्यादा योग संगम रजिस्टर्ड हो चुके हैं। केंद्रीय मंत्री जाधव ने बताया कि इस साल योग दिवस को शानदार और यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सरकार की कोशिश है कि योग का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे और इसे एक नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पहल के कारण 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी इस पहल को अब एक दशक पूरा हो चुका है और इस दशक में योग सभी लोगों के दिलों तक पहुँच चुका है। दुनिया भर में लोग योग को पहचानने लगे हैं। इसलिए, अपनी सरकार के 11वें वर्ष के कारण प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि इस 11वें योग दिवस को दुनिया भर में, खासकर हमारे देश में, बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। गांवों से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक और हर जगह, हमारा लक्ष्य राज्य सरकारों के प्रयासों से योग का आयोजन करना है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी फिसले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में थोड़ी और तेजी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर लिवालों ने जोर लगाने की कोशिश की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार की स्थिति में कोई



विशेष सुधार नहीं हो सका। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, एशियन पेंट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फिनसर्व और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एटरनल और टाटा स्टील के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,446 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,158 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,288 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 56.53 अंक की मामूली बढ़त के साथ 82,571.67 के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,661.04 अंक के स्तर तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में 82,254.56 अंक तक गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 178.39 अंक की कमजोरी के साथ 82,336.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 23.05 अंक उछल कर 25,164.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 25,196.20 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक लाल निशान में 25,064.80 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 42.85 अंक की कमजोरी के साथ 25,098.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 123.42 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,515.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 37.15 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,141.40 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक क्लीनर की मौत

**जींद।** गांव अशरफगढ़ के निकट सड़क पर ट्रक खड़ा कर टायरों जांच करते क्लीनर की एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अशरफगढ़ निवासी विनय ट्रक पर क्लीनर था। बुधवार देर शाम को वह गांव से चालक के साथ गाड़ी लेकर शहर की तरफ आ रहा था। गांव के निकट गोहाना रोड पर गाड़ी में आवाज आने पर विनय नीचे उतर कर ट्रक जांचने लगा, उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और वाहन चालक फरार हो गया। गंभीर हालात में विनय को नागरिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे गुरूग्राम के अस्पताल ले गए। जहां पर विनय की बुधवार को मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों को जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के भाई प्रदीप की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला की समस्या हूई दूर

**बलौदाबाजार।** शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। अब सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की पदस्थापना होने से स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त होगी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व तीन प्राथमिक शाला एवं चार पूर्व माध्यमिक शिक्षकविहीन थे। युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है। इसी तरह जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला 65 और पूर्व माध्यमिक शाला 13 थे। युक्ति युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी शाला एकल शिक्षकीय नहीं है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो। जिले में 3 शालाओं का समायोजन किया गया है। जिले में 506 स्कूलों में से 403 स्कूल यथावत संचालित होंगे। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई है। इसके जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

### महेशतला में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, अब तक 29 लोग गिरफ्तार

**महेशतला।** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला इलाके में बुधवार शाम दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प मामले में अब तक 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार दोपहर बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। यह हिंसा रवींद्रनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेशतला इलाके में एक दुकान स्थापित करने को लेकर शुरू हुई, जो जल्द ही बेकाबू हो गई और पूरा इलाका युद्धभूमि में तब्दील हो गया। झड़प में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जबकि कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। डायमंड हार्बर पुलिस जिला प्रशासन के अनुसार, स्थिति को काबू में करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत इलाके में शांति बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक इस घटना से संबंधित तीन मामले दर्ज किए जा चुके हैं और जांच जारी है। सोशल मीडिया पर एक बयान में पुलिस ने कहा कि रवींद्रनगर थाना क्षेत्र में 'स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।' इस बीच, घटना ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने हिंसा प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस मामले को लेकर भाजपा पर स्थानीय मुद्दों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। फिलहाल इलाके में तनाव बना हुआ है लेकिन प्रशासन की ओर से शांति बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी की राजनीतिक सक्रियता से प्रधानमंत्री ओली नाराज

**काठमांडू।** उत्तरी पड़ोसी चीन की दस दिवसीय यात्रा से लौटने के कुछ दिनों बाद पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय हो गई हैं। राजनीति में अपनी सक्रियता के लिए अभियान शुरू करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और नेकपा एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के गृह जिला को चुना, जिससे ओली ने अपनी नाराजगी सार्वजनिक रूप से जाहिर की है। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने सीपीएन-यूएमएल की नेता के रूप में अपनी उत्तर की यात्रा पूरी करने के बाद तुरंत झापा की यात्रा की। उनकी सक्रियता से नाराज ओली ने पार्टी कैडर और नेताओं को सख्त हिदायत दी है। ओली ने पिछले दिनों कई बार अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी के बाहर के व्यक्ति को पार्टी के बैनर पर कार्यक्रम कराना उचित नहीं है। भंडारी की सक्रिय राजनीति में वापसी के लिए पार्टी के कई नेता पैरवी कर रहे हैं। हालांकि, भंडारी ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन उन्होंने बहुत सारे संकेत दिए हैं कि वह जल्द ही राजनीति में लौटेंगी। भंडारी 2015 में देश की राष्ट्रपति बनने से पहले नेकपा एमाले की निर्वाचित उपाध्यक्ष थीं। उन्होंने वैश्विक सभ्यता पहल के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए 24 मई से 2 जून तक उद्योग मंत्री दामोदर भंडारी सहित यूएमएल नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए चीन का दौरा किया था। चीन की यात्रा करने से पहले उन्होंने गंडकी, कोशी और लुम्बिनी जैसे प्रांतों का दौरा किया, जहां उन्होंने राजनीतिक बैठकें कीं। नेताओं के एक समूह में स्थायी समिति और पोलित ब्यूरो के सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने पहले ओली का समर्थन किया था, लेकिन अब उनसे असंतुष्ट हैं। इनमें कर्ण थापा, गोकुल बास्कोटा, कृष्णा राय, बिनोद ढाकल और कृष्णा दहाल शामिल हैं। इन सभी ने खुले तौर पर भंडारी की सक्रिय यूएमएल राजनीति में वापसी का समर्थन करके मांग की है कि भंडारी को पार्टी महाधिवेशन में अध्यक्ष पद पर उम्मीदवारी देनी चाहिए। नेपाल और चीन मामलों के जानकर और पूर्व प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार रूपक सपकोटा ने कहा कि जब कुछ पार्टी नेता भंडारी को अपना संभावित नेता बनाने की पैरवी करते हैं, तो चीन ने भी उन्हें यूएमएल के संभावित प्रमुख के रूप में भ्रमण कराया है। सपकोटा का मानना है कि चीन ने भंडारी को पार्टी के संभावित नेता के रूप में नामित करने के बाद उनसे जुड़ने की कोशिश की। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के पूर्व वो यूएमएल की उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया ही है और वो पार्टी के तरफ से राष्ट्रपति की उम्मीदवार बनी थी। उन्होंने कहा 'मुझे व्यापक मान्यता प्राप्त है और मैं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित हूं। उस दृष्टिकोण से, मुझे देश की यात्रा करने के लिए सीपीएन-यूएमएल समितियों या नेताओं से अनुमति की आवश्यकता नहीं है।'

# हंटरगंज में चला बाल श्रम के खिलाफ अभियान



- दो होटलों व एक दुकान में मिले 5 बाल श्रमिक
- अभियान से बाल श्रम कराने वाले दुकानदारों में मचा हड़कंप

संवाददाता

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के बाजार में बुधवार को बाल श्रम के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी के साथ स्थानीय पुलिस टीम ने बाल श्रम करा रहे दो होटलों और एक कपड़ा दुकान पर की गई छापेमारी में 5 बाल श्रमिक पकड़े गए। इसमें दो बाल श्रमिक नारायणी स्वीट्स, दो श्री राम होटल, वही एक टुनटुन मार्केट से रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चों को हंटरगंज थाना लाया गया ।जहां 3 बच्चों को कार्यस्थल से मुक्त करवाया गया। वही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों को बुलाकर सौप दिया गया। वही दो अंडर 14 श्रमिक बच्चों को विभाग लेकर चतरा चली गई है।

**अभियान से बाल श्रम कराने वाले दुकानदारों में मचा हड़कंप :** बुधवार की शाम में हंटरगंज मुख्य बाजार में स्थानीय पुलिस के साथ श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने बाल श्रम के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इससे हंटरगंज के बाजार में दुकानदारों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही।दुकान पर बाल श्रम करा रहे दुकानदारों में हड़कंप देखने को मिला।श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे। इस दौरान जो लोग बाल श्रम कराते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## अनुसूचित आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**चतरा:** हंटरगंज प्रखंड के अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को आरबीएस के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा जांच शिविर लगाया गया।शिविर में डॉ जे भूषण के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें बुखार, पेट दर्द, खांसी, लुह, चर्म रोग, कान बहना, सड़े हुए दांत के अलावा अन्य बीमारियों का जांच किया गया और बीमारी से संबंधित निशुल्क दवाई दी गई।वही डॉक्टर जे भूषण के द्वारा बच्चों को गर्मी को देखते हुए लु से बचने एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया और सभी बच्चों को ओआरएस पाउडर दिया गया और इसे पीने से होने वाले फायदो के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर फार्मासिस्ट इरफान गनी, प्रधान अध्यापक शंकर प्रसाद के अलावा कई स्वास्थ्य विभाग कर्मी शामिल थे।

## स्कूल के जर्जर रसोई घर में शिक्षक के ऊपर गिरा छत का प्लास्टर, घायल

### छत की जल्द से जल्द मरम्मत करवाएं विभाग: उप प्रमुख



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सी से हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां सरकारी स्कूल की रसोई घर के जर्जर बिल्डिंग छत भरभराकर प्लास्टर टीचर के ऊपर गिर गई। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे आनन-फानन में जोरी के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से बेहतर ईलाज हेतु हजारीबाग स्थित शेख भिखारी कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रधानाध्यापक (शिक्षक) विराज वीरेंद्र टुट्टी ने बताया कि रसोई घर में एमडीएम का निरक्षण करने गए हुए थे। इसी दौरान जर्जर भवन के छत ऊपर से ही भरभराकर एक टुकड़ा सिर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल गए। आनन फानन में विद्यालय के अन्य शिक्षको और ग्रामीणों ने जैसे-तैसे शिक्षक को जोरी के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति होने के कारण हजारीबाग शेख भिखारी कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता अस्पताल पहुंचे और शिक्षक से स्वास्थ्य का हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि जान को जोखिम में डालकर रसोईया खाना बना रही है उन्होंने कहा कि जो स्थिति दिखती है, उससे लगता है कि कभी ऊपर से छत गिर सकता है । शिक्षा विभाग से अनुरोध है कि जल्द से जल्द भवन की मरम्मत करवाए जिसके की ऐसी घटना की पुनरावृत्तिर ना हो।



## गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति ने की बाबा बासुकीनाथ की पूजा- अर्चना

**दुमका:** झारखंड सरकार के गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति सह भारतीय जनता पार्टी के विधायक राज सिंह ने गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर बाबा फौजदारी की पूजा -अर्चना की एवं बाबा बासुकीनाथ से संपूर्ण विश्व के लोगों के लिए मंगल कामना की। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार साह, पप्पू कुमार सिंह, नरेश पंडा व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चतरा पुलिस की नशे के कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, मिनी ब्राउन शुगर फैक्ट्री का खुलासा

# भारी मात्रा में नकद सहित ब्राउन शुगर,अफीम व केमिकल जब्त,कई गिरफ्तार







संवाददाता

**चतरा:** जिले के पत्थलगडा बस्ती के एक मकान में पुलिस प्रशासन ने अभियान चला कर मिनी ब्राउन शुगर फैक्ट्री का खुलासा किया है।भारी मात्रा में नकद सहित अफीम, ब्राउन शुगर व केमिकल जब्त की गई है। इस मामले में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल आज शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। मिनी फैक्ट्री के संचालक के साथ एक महिला की भी गिरफ्तारी की सूचना मिल रही है। पत्थलगड़ा के दो स्थानों में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया है। बताया जा रहा है कि प्रविल दांगी के दूसरे तल्ले में मिले अफीम और ब्राउन सुगर को तौलने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन को मंगाया गया है। वहीं एक बोरे में मिला कैश गिनने के लिए मशीन मंगाई गई।कई कर्मियों को कैश गिनने के लिए लगाया गया। पत्थलगडा बस्ती में बुधवार दोपहर तीन बजे से लेकर देर रात 2 बजे तक सर्च अभियान चलाई गई है। वहीं इस कार्रवाई से नशे कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

### संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई



संवाददाता

**दुमका:** स्थानीय परिसदन भवन स्थित सभागार में विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक राज सिन्हा ने की। बैठक में समिति के सदस्य शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक आलोक कुमार सोरेन भी उपस्थित थे।

बैठक में समिति द्वारा पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। समिति ने जिला स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों से अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर जनहित से जुड़े मामलों में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए। सभापति राज सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए। यदि किसी योजना के संचालन में कोई समस्या आ रही हो, तो उसे शीघ्र दूर कर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर उनकी निगरानी और निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन,सिविल सर्जन डॉ। बच्चा प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खराब स्वास्थ्य व्यवस्था ने ली एक और मासूम की जान

**जमशेदपुर:** राज्य में खराब स्वास्थ्य व्यवस्था ने एक और मासूम बच्चे की जान ले ली। मामला जमशेदपुर के महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल का है। यहां एंबुलेंस में गर्भवती महिला का प्रसव हो गया और नवजात की मौत हो गयी।

महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को दिया जन्मः जानकारी के मुताबिक डुमरिया के खडिदा गांव की निवासी एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन आनन-फानन में उसे डुमरिया से लगभग 80 किलोमीटर दूर एमजीएम अस्पताल एंबुलेंस से ले जा रहे थे। इस दौरान महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। नवजात का आधा शरीर गर्भ में ही फंसा रह गया। इसके बाद एमजीएम पहुंचने पर डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।

अगर डुमरिया में ही सही इलाज की व्यवस्था होती तो... परिजनों का आरोप है कि महिला को डुमरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। वहां कोई डॉक्टर नहीं था, सिर्फ दो नर्स थीं। उन्होंने रातभर कोशिश की, लेकिन, प्रसव नहीं हुआ जिसके बाद वह 80 किलोमीटर दूर एमजीएम अस्पताल लेकर गए। परिजनों का कहना है कि अगर डुमरिया में ही सही इलाज की व्यवस्था होती, तो बच्चे की जान बच जाती।

# घर की खिड़की से गिरकर डेढ़ साल की बच्ची की मौत

### परिजन बोले- मकान मालिक की बेटी ने गुस्से में आकर दिया धक्का

**कोडरमा:** जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्ची को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बच्ची खिड़की से नीचे गिर गईः मामला जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी नगर का है। बताया जा रहा है कि डेढ़ साल की मासूम बच्ची खेलते-खेलते दूसरे मंजिल स्थित फ्लैट में चली गई थी। काफी देर तक वापस न आने पर उसकी मां उसे ढूंढने पहुंची, तो देखा कि बच्ची खिड़की से नीचे गिरी हुई है। आनन-फानन में बच्ची को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**परिजनों ने मकान- मालिक पर लगाया हत्या का आरोप :** मामले में परिजनों ने मकान मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि मकान मालिक की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी ने गुस्से में आकर बच्ची को खिड़की से धक्का दिया, जिससे उसकी जान चली गई। वहीं, मकान मालकिन सीमा देवी ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि उन्होंने बच्ची को बचाने का प्रयास किया था, लेकिन वह नाकामयाब हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के कार्यों का बेहतर परिणाम आ रहा है सामने



विनय मिश्रा

**भारतीय** पुलिस सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले पीयूष पांडेय के जमशेदपुर में वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में आम लोगों के लिए पुलिस सहज और सरल रूप से उपस्थित है वहीं अपराध नियंत्रण और अपराधी के लिए सख्त दिखाई दे रही है।

वरीय पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय के योगदान देने के बाद से पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पुलिस की बेहतर कार्य प्रणाली और मुस्तैदी के साथ कार्य करने की रणनीति काफी कारगर साबित हो रही है। श्री पांडेय ने 28 मई को प्रभार ग्रहण करने के पश्चात से पुलिस और आमजनों के बीच मित्रता पूर्वक व्यवहार और सामंजस्य बैठाने में सफल हो रहे हैं वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक का मानना है कि पुलिस के प्रति जिला वासियों का विश्वास बढ़े और वे उन्हें सच्चा और अच्छा मित्र माने। इस प्रकार से वरीय पुलिस अधीक्षक ने 15 दिनों में ही अपनी बेहतर कार्य प्रणाली से जिला वासियों के बीच विश्वास बनाने में सफल हो रहे हैं।

ऐसे आईपीएस अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में महिला की बेरहमी से हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार



**सरायकेला-खरसावां:** जिले में मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में 60 वर्षीय महिला का सिर कलम कर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक किशोर को हिरासत में लिया है और तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**सिर काट शव को फेंका रेलवे ट्रैक पर:** अधिकारी के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों ने बताया कि उन्होंने जलाशय में मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद महिला की पिटाई की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने महिला का सिर काटकर पुलिस को गुमराह करने के लिए उसे दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर फेंक दिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि तीन जून को जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र के भालुकपहाड़ी और भदुआगोरा गांवों के बीच रेलवे ट्रैक पर एक महिला का धड़ पड़ा मिला था।

**महिला का सिर जंगल से बरामद:** एसपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों और विभाग के तकनीकी प्रकोष्ठ से मिले साक्ष्यों के आधार पर तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया और एक अन्य को हिरासत में लिया। एसपी के अनुसार, आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतका मैनू माझियान और उनके बीच महिलाओं के नहाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जलाशय से मछली पकड़ने को लेकर झगड़ा हुआ था। लुनायत ने कहा कि आरोपियों ने महिला पर हमला किया और उसकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल से महिला का सिर बरामद कर लिया, जबकि अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एक पहाड़ी की चोटी से मिली।

## दुमका में स्टोन माइंस कर्मी की हत्या गिरफ्तार आरोपियों ने कबूला जुर्म

**दुमका:** स्टोन माइंस कर्मी गोपीनाथ मुर्मू की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दुमका के रानीश्वर थाना क्षेत्र के पारपलसा गांव में गोपीनाथ मुर्मू का घर है। उसकी चार माह पहले दो आरोपियों ने हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड की जानकारी एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया।

इस मामले में मृतक की पत्नी सोनामुनी मरांडी ने पति गोपीनाथ मुर्मू की गुमशुदा होने की लिखित सूचना पुलिस को दी थी। इसी बीच गोपीनाथ का शव, चार दिन बाद 15 फरवरी को तिलाबनी गांव के एक खेत में पुआल के अंदर से बरामद किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ हेडक्वार्टर इकुड डुंगडुंग के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी आक्रोश में मुन्ना रविदास और बाबुधन हेम्ब्रम ने गोपीनाथ मुर्मू की, प्रतिमा विसर्जन के शोरगुल का लाभ उठाकर सुनसान जगह पर लाठी-डंडा से पीटकर हत्या कर दी और शव को पुआल से ढक दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयोग हुई लाठी को बरामद किया है।

# उपायुक्त ने की भू -अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा



संवाददाता

**दुमका:** कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई तथा समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने पर बल दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं की टाइमलाइन निर्धारित कर भुगतान प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भू-अर्जन से जुड़ी बाधाओं को समय रहते दूर करते हुए कार्य में गति लाई जाए। बैठक में उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को सर्किल रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता,भू अर्जन पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभुकों के बीच राशि भेजी गयी: उपायुक्त

**देवघर:** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गयी कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन योजना के तहत माह अप्रैल से जून 2025 तक की राशि लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। साथ ही तीन माह की राशि के रूप में 3000 हजार रुपये लाभुकों के खाते में भेजी गई है। ज्ञात हो सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार जरूरतमंद लोगों को हर महीने 1,000 रुपए की सहायता राशि देती है। इस कड़ी में वितीय वर्ष 2025-26 में देवघर जिला अंतर्गत देवघर प्रखण्ड में 18948, देवीपुर 13725, करौं 12034, मधुपुर 19611, मारगोमुण्डा 11548, मोहनपुर 23918, पालोजोरी 26305, सारठ 22579, सारवां 11941 एवं सोनारायठाढ़ी 10837 के अलावा देवघर अंचल अन्तर्गत 16141, मधुपुर 4942 व मोहनपुर 1453 लाभुकों (कुल 193982 लाभुकों को 581946000) रुपए नव भुगतान) राशि विमुक्त की गई।